सत्यमेव जयते

राजस्थान राज-पत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	*Published by Authority*
माघ 30, बुधवार, शाके 1946 - फरवरी 19, 2025 Magha 30, Wednesday, Saka 1946- February 19, 2025	

भाग-3(क)

राजस्थान विधान सभा में प्रस्तुत किये गये या प्रस्तुत

राजस्थान विधान सभा सचिवालय

अधिसूचना

जयपुर, फरवरी 19, 2025

संख्या एफ. 13(05)विशा/विस/2025 :-**राजस्थान वित्त विधेयक, 2025** जैसा कि दिनांक 19 **फरवरी, 2025** को राजस्थान विधान सभा में पुर:स्थापित किया गया, सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है।

भारत भूषण शर्मा,

प्रमुख सचिव।

2025 का विधेयक सं. 5

राजस्थान वित्त विधेयक, 2025

(जैसाकि राजस्थान विधान सभा में पुर:स्थापित किया गया)

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राज्य सरकार के वित्तीय प्रस्तावों को प्रभावी करने के क्रम में, राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998, राजस्थान राजवित्तीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध अधिनियम, 2005, राजस्थान मोटर यान कराधान अधिनियम, 1951 को और संशोधित करने; और भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची (अनुच्छेद 246) की सूची 2-राज्य सूची की प्रविष्टि 54 में सम्मिलित माल के विक्रय के संबंध में राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2025 को अधिनियमित करने के लिए विधेयक।

भारत गणराज्य के छिहत्तरवें वर्ष में राजस्थान राज्य विधान-मण्डल निम्नलिखित अधिनियम बनाता है:-

अध्याय 1

प्रारम्भिक

1. संक्षिप्त नाम.- इस अधिनियम का नाम राजस्थान वित्त अधिनियम, 2025 है।

2. 1958 के राजस्थान अधिनियम सं. 23 की धारा 3 के अधीन घोषणा.- राजस्थान अनंतिम कर संग्रहण अधिनियम, 1958 (1958 का अधिनियम सं. 23) की धारा 3 के अनुसरण में, इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि लोकहित में यह समीचीन है कि इस विधेयक के खण्ड 3, 4, 5 और 6 के उपबंध उक्त अधिनियम के अधीन तुरन्त प्रभावी होंगे।

अध्याय 2

राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 में संशोधन

3. 1999 के राजस्थान अधिनियम सं. 14 की अनुसूची का संशोधन.- राजस्थान स्टाम्प अधिनियम, 1998 (1999 का अधिनियम सं. 14) की अनुसूची में,-

(i) अनुच्छेद 33 में, स्तम्भ संख्यांक 1 के अधीन उक्त अनुच्छेद के खण्ड (vii) के सामने स्तम्भ संख्यांक 2 के अधीन आयी विद्यमान अभिव्यक्ति "वही शुल्क जो हस्तान्तरण-पत्र (सं. 21) पर उस सम्पत्ति के बाजार मूल्य पर लगता है" के स्थान पर अभिव्यक्ति "सम्पत्ति के बाजार मूल्य पर छह प्रतिशत" प्रतिस्थापित की जायेगी;

(ii) अनुच्छेद 44 में, स्तम्भ संख्यांक 1 के अधीन खण्ड (ङ) के विद्यमान उप-खण्ड (i) के स्थान पर, निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"(i) निष्पादी के पिता, माता, भाई, बहिन, पत्नी, पति, पुत्र, पुत्री, पुत्रवधु, पुत्र का पुत्र, पुत्र की पुत्री, पुत्री का पुत्र या पुत्री की पुत्री;";

(iii) अनुच्छेद 50 में स्तम्भ संख्यांक 2 के अधीन आयी विद्यमान अभिव्यक्ति "न्यूनतम एक हजार रुपये के अध्यधीन रहते हुए, प्रतिभूत रकम का आधा (0.5) प्रतिशत।" के स्थान पर अभिव्यक्ति "न्यूनतम एक हजार रुपये के अध्यधीन रहते हुए, प्रतिभूत रकम का और/या, यथास्थिति, बंधक सम्पत्ति के बाजार मूल्य का आधा (0.5) प्रतिशत।" प्रतिस्थापित की जायेगी।

अध्याय 3

राजस्थान राजवित्तीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध अधिनियम, 2005 में संशोधन

4. 2005 के राजस्थान अधिनियम सं. 7 की धारा 6 का संशोधन.- राजस्थान राजवित्तीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंध अधिनियम, 2005 (2005 का अधिनियम सं. 7) की धारा 6 के प्रथम परन्तुक के विद्यमान खण्ड (च) के स्थान पर निम्नलिखित प्रतिस्थापित किया जायेगा, अर्थात्:-

"(च) विद्युत क्षेत्र में निष्पादन मानदंडो के आधार पर और/या किसी अन्य विनिर्दिष्ट प्रयोजन के लिए, केन्द्रीय सरकार द्वारा सकल राज्य देशी उत्पाद का 0.50 प्रतिशत अतिरिक्त उधार लेने को अनुज्ञात किये जाने के कारण:"।

अध्याय 4

राजस्थान मोटर यान कराधान अधिनियम, 1951 में संशोधन

5. 1951 के राजस्थान अधिनियम सं. 11 की धारा 17 का संशोधन.- राजस्थान मोटर यान कराधान अधिनियम, 1951 (1951 का अधिनियम सं. 11), जिसे इस अध्याय में इसके पश्चात् मूल अधिनियम कहा गया है, की धारा 17 की उप-धारा (1) में, विद्यमान अभिव्यक्ति "और राज्य राजस्व आसूचना निदेशालय का कोई भी अधिकारी जो राजस्व आसूचना अधिकारी से नीचे के पद का न हो" के स्थान पर अभिव्यक्ति ", राजस्व आसूचना एवं आर्थिक अपराध निदेशालय में पदस्थापित परिवहन विभाग के मोटर यान सब-इंस्पेक्टर और मोटर यान इंस्पेक्टर और राजस्व आसूचना एवं आर्थिक अपराध निदेशालय का कोई अधिकारी जो उप निदेशक एवं राजस्व आसूचना अधिकारी से नीचे के पद का न हो" प्रतिस्थापित की जायेगी।

6. 1951 के राजस्थान अधिनियम सं. 11 की धारा 18 का संशोधन.- मूल अधिनियम की धारा 18 में विद्यमान अभिव्यक्ति "और राज्य राजस्व आसूचना निदेशालय का कोई भी अधिकारी जो राजस्व आसूचना अधिकारी से नीचे के पद का न हो" के स्थान पर अभिव्यक्ति ", राजस्व आसूचना एवं आर्थिक अपराध निदेशालय में पदस्थापित परिवहन विभाग के मोटर यान सब-इंस्पेक्टर और मोटर यान इंस्पेक्टर और राजस्व आसूचना एवं आर्थिक अपराध निदेशालय का कोई अधिकारी जो उप निदेशक एवं राजस्व आसूचना अधिकारी से नीचे के पद का न हो" प्रतिस्थापित की जायेगी।

अध्याय 5

राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2025 की अधिनियमिति

7. राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2025 को निम्नलिखित रूप में अधिनियमित किया जायेगा, अर्थात्:-

"राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2025

इलेक्ट्रानिक खातों के माध्यम से कर संदाय की संकल्पना को पुर:स्थापित करने और प्रत्येक वर्ष के आज्ञापक निर्धारण के और अपराधों के अभियोजन के उपबंधों को हटाने; और मूल्य परिवर्धित कर के उद्ग्रहण की प्रक्रिया को सरलीकृत करने के लिए अधिनियम।

8. संक्षिप्त नाम, प्रसार और प्रारम्भ.- (1) इस अधिनियम का नाम राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2025 है।

(2) इसका प्रसार सम्पूर्ण राजस्थान राज्य में है।

(3) यह ऐसी तारीख से प्रवृत्त होगा जो राज्य सरकार राजपत्र में अधिसूचना द्वारा नियत करे और राज्य सरकार इस अधिनियम के भिन्न-भिन्न उपबंधों के प्रारम्भ के लिये भिन्न-भिन्न तारीखें नियत कर सकेगी।

9. **परिभाषाएं.-** (1) इस अधिनियम में, जब तक कि विषय या संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित ना हो,-

(1) **"अपील प्राधिकारी"** से आयुक्त द्वारा इस रूप में प्राधिकृत अपर आयुक्त से अनिम्न रैंक का कोई अधिकारी अभिप्रेत है;

(2) **"निर्धारण प्राधिकारी"** से आयुक्त द्वारा इस रूप में प्राधिकृत सहायक आयुक्त से अनिम्न रैंक का कोई भी अधिकारी अभिप्रेत है;

(3) "**निर्धारण**" से इस अधिनियम के अधीन दायित्व का अवधारण अभिप्रेत है;

(4) "**लेखापरीक्षा**" से इस अधिनियम या तद्धीन बनाये गये नियमों या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन व्यवहारी द्वारा संधारित या दिये गये अभिलेखों, विवरणियों और

अन्य दस्तावेजों की, घोषित आवर्त, संदत्त करों, दावाकृत प्रतिदाय और उपभोग किये गये इनपुट कर प्रत्यय की सत्यता को सत्यापित करने, और इस अधिनियम या तद्धीन बनाये गये नियमों के उपबन्धों के अनुरूप उसके अनुपालन को निर्धारित करने के लिए परीक्षा अभिप्रेत है;

(5) **"लेखापरीक्षक"** से आयुक्त द्वारा इस रूप में प्राधिकृत सहायक आयुक्त से अनिम्न रैंक का कोई भी अधिकारी अभिप्रेत है;

(6) **"नियत दिवस"** से वह तारीख, जिसको इस अधिनियम के उपबन्ध प्रवृत्त होंगे, अभिप्रेत है;

(7) **"बोर्ड"** से राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 (1956 का अधिनियम सं. 15) की धारा 4 में यथास्थापित बोर्ड अभिप्रेत है;

(8) **"कारबार"** के अंतर्गत है-

(क) कोई भी व्यापार, वाणिज्य, विनिर्माण या कोई अन्य समरूप क्रियाकलाप, चाहे वह किसी धनीय फायदे के लिए हो या ना हो;

(ख) उप-खण्ड (क) के संबंध में या उसके आनुषंगिक या प्रासंगिक कोई क्रियाकलाप या संव्यवहार;

(ग) उप-खण्ड (क) की प्रकृति का कोई क्रियाकलाप या संव्यवहार, चाहे ऐसे संव्यवहार का कोई परिमाण, आवृत्ति, निरंतरता या नियमितता हो या न हो;

(घ) कारबार के प्रारंभ या उसके बन्द किये जाने के संबंध में माल का प्रदाय या क्रय;

(ङ) किसी क्लब, संगम, सोसाइटी या सुविधाओं या फायदों वाले किसी ऐसे निकाय द्वारा उसके सदस्यों के लिए (किसी अभिदान या किसी अन्य प्रतिफल के लिए) प्रावधान;

(च) केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार या किसी स्थानीय प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई ऐसा क्रियाकलाप या संव्यवहार जिसमें वे लोक प्राधिकारियों के रूप में लगे हुए हैं;

(9) "**आयुक्त**" से राज्य सरकार द्वारा वाणिज्यिक कर विभाग के आयुक्त के रूप में नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है और इसमें धारा 3 के अधीन नियुक्त मुख्य आयुक्त और विशेष आयुक्त सम्मिलित हैं;

(10) **"सिटी गैस वितरण नेटवर्क इकाई"** से राज्य में नैचुरल गैस के वितरण के लिए भारत

के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड द्वारा इस रूप में अधिसूचित इकाई अभिप्रेत है;

(11) **"व्यवहारी"** से ऐसा कोई भी व्यक्ति अभिप्रेत है जो किसी भी हैसियत में, चाहे नकद या आस्थगित संदाय के लिए या कमीशन, पारिश्रमिक या अन्य मूल्यवान प्रतिफल के लिए, प्रत्यक्ष रूप से या अन्यथा माल के क्रय, विक्रय, प्रदाय या वितरण का या खण्ड (36) में यथापरिभाषित क्रय या विक्रय का स्वयं या दूसरों के लिए कारबार करता है और इसमें निम्नलिखित सम्मिलित होंगे-

(i) कोई आढ़तिया, दलाल, कमीशन एजेन्ट, प्रत्यायक अभिकर्ता या कोई भी अन्य वाणिज्यिक अभिकर्ता, चाहे उसे किसी भी नाम से जाना जाये, और चाहे इसमें इसके पूर्व वर्णित भांति का हो या न हो, जो ऐसे किसी भी मालिक के लिए जो प्रकट हो या न हो, के किसी भी माल के क्रय, विक्रय, प्रदाय या वितरण का कारबार करता है;

(ii) कोई नीलामकर्ता, जो ऐसे किसी भी मालिक के लिए, जो प्रकट हो या न हो, के माल का विक्रय या नीलाम करता है और चाहे आशयित क्रेता का प्रस्ताव उसके द्वारा या मालिक के द्वारा या मालिक के किसी नामनिर्देशिती द्वारा स्वीकार किया जाता है या नहीं;

(iii) किसी अनिवासी व्यवहारी का कोई प्रबंधक या अभिकर्ता, जो राज्य में ऐसे व्यवहारी के माल का क्रय, विक्रय, प्रदाय या वितरण करता है;

(iv) कोई भी सोसाइटी, क्लब, न्यास या अन्य संगम, चाहे वह निगमित हो या नहीं, जो अपने सदस्यों से माल का क्रय या उनको माल का विक्रय करता है;

(v) केन्द्रीय या कोई भी राज्य सरकार या उनके कोई भी विभाग या कार्यालय जो माल का क्रय, विक्रय, प्रदाय या वितरण, चाहे नकद या आस्थगित संदाय के लिए या कमीशन, पारिश्रमिक या अन्य मूल्यवान प्रतिफल के लिए चाहे कारबार के अनुक्रम में करते हैं या नहीं; और

(vi) किसी बैंक, बीमा कम्पनी, परिवहन कंपनी आदि को सम्मिलित करते हुए कोई भी व्यापारिक, वाणिज्यिक या वित्तीय स्थापन जो प्रत्यक्ष या अन्यथा माल का क्रय, विक्रय, प्रदाय या वितरण, चाहे नकद या आस्थगित संदाय, कमीशन, पारिश्रमिक

या अन्य मूल्यवान प्रतिफल के लिए अपने कारबार के अनुक्रम में करता है या नहीं;

(12) "**राज्य का अभिहित पोर्टल**" से राज्य सरकार द्वारा, रजिस्ट्रीकरण को सुकर बनाने, कर के संदाय, विवरणियां देने और ऐसे अन्य कृत्यों के कार्यान्वयन के लिए और ऐसे प्रयोजनों के लिए, जैसे विहित किये जायें, यथाअधिसूचित इलेक्ट्रानिक पोर्टल अभिप्रेत है;

(13) "**इलेक्ट्रानिक नकद खाता**" से धारा 13 की उप-धारा (2) में निर्दिष्ट इलेक्ट्रानिक नकद खाता अभिप्रेत है;

(14) "**इलेक्ट्रानिक जमा खाता**" से धारा 13 की उप-धारा (3) में निर्दिष्ट इलेक्ट्रानिक जमा खाता अभिप्रेत है;

(15) "**छूट प्राप्त माल**" से, इस अधिनियम के उपबंधो के अनुसार कर से छूट प्राप्त कोई भी माल अभिप्रेत है;

(16) **"फर्म", "भागीदार" और "भागीदारी**" के क्रमशः वे अर्थ होंगे जो उन्हें भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932 (1932 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 9) में समनुदिष्ट किये गये हैं;

(17) "**माल**" से भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची 2-राज्य सूची की प्रविष्टि 54 में सम्मिलित माल अभिप्रेत है;

(18) "**आयातकर्त्ता"** से ऐसा कोई व्यवहारी अभिप्रेत है जो विक्रय या विक्रय के लिए माल के विनिर्माण और प्रसंस्करण में उपयोग के प्रयोजन के लिए, कोई भी माल राज्य में लाता है या मंगाता है या जिसे कोई भी माल राज्य के बाहर के किसी भी स्थान से भेजा जाता है;

(19) "**इनपुट कर"** से, किसी रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी से किये गये किसी भी माल के क्रय पर, किसी कारबार के अनुक्रम में रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी द्वारा संदत्त या संदेय कर अभिप्रेत है;

(20) "**बीजक"** से ऐसा दस्तावेज अभिप्रेत है जिसमें ऐसी विशिष्टयां हों, जो विहित की जायें;

(21) "**विनिर्माण**" से कच्ची सामग्री या इनपुट का किसी भी रीति से प्रसंस्करण अभिप्रेत है, जिसके परिणामस्वरूप सुभिन्न नाम, स्वरूप और उपयोग वाले किसी नये उत्पाद का अविर्भाव होता है और "विनिर्माता" पद का तदनुसार अर्थ लगाया जायेगा;

(22) "**अनिवासी व्यवहारी**" से ऐसा कोई व्यवहारी अभिप्रेत है जो राज्य में किसी भी माल का क्रय या विक्रय करता है किन्तु जिसका राज्य में कारबार का कोई नियत स्थान या निवास स्थान नहीं हो:

(23) "**गैर-कराधेय प्रदाय**" से माल या सेवाओं या दोनों का ऐसा प्रदाय अभिप्रेत है, जो राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का अधिनियम सं. 9) के अधीन या एकीकृत माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 13) के अधीन कर से उद्ग्रहणीय है;

(24) "**आउटपुट कर**" से किसी रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी द्वारा उसके कारबार के अनुक्रम में माल के विक्रय के संबंध में इस अधिनियम के अधीन प्रभारित या प्रभार्य कर अभिप्रेत है;

(25) "**व्यक्ति**" से, कोई भी व्यष्टि या व्यष्टियों का संगम या निकाय अभिप्रेत है और कोई अविभक्त हिन्दू कुटुम्ब, या संयुक्त कुटुम्ब, कोई फर्म, कोई कम्पनी, चाहे वह निगमित हो या नहीं, कोई सहकारी सोसाइटी, कोई न्यास, कोई क्लब, कोई संस्था, कोई अभिकरण, कोई निगम, कोई स्थानीय प्राधिकारी, सरकार का कोई विभाग या अन्य कृत्रिम या विधिक व्यक्ति उसके अंतर्गत है;

(26) "**कारबार का स्थान**" से राजस्थान राज्य में का कोई भी ऐसा स्थान अभिप्रेत है जहां कोई व्यवहारी माल का क्रय या विक्रय करता है, और इसके अन्तर्गत है,-

(क) कोई भी ऐसा भांडागार, गोदाम या अन्य स्थान, जहां व्यवहारी माल रखता है;

(ख) कोई भी ऐसा स्थान, जहां व्यवहारी माल को प्रसंस्कृत, उत्पादित या विनिर्मित करता है;

(ग) कोई भी ऐसा स्थान, जहां व्यवहारी अपने लेखे, रजिस्टर, और दस्तावेज रखता है;

(घ) कोई भी ऐसा यान या वाहक, जिसमें माल रखा जाता है या कारबार चलाया जाता है;

(ङ) कोई भी ऐसा भाण्डागार, रेलवे स्टेशन, रेलवे माल यार्ड, पार्सल कार्यालय, या कोई अन्य स्थान जहां कारबार के अनुक्रम में या अन्यथा परिवहन के लिए व्यवहारियों द्वारा माल रखा जाता है;

स्पष्टीकरण.- व्यवहारी, रजिस्ट्रीकरण के आवेदन में, कारबार के स्थानों में से किसी एक को अपना "कारबार का मुख्य स्थान" घोषित करेगा, और उसके अंतिम लेखे, वार्षिक विवरण, रजिस्टर और दस्तावेज, चाहे हाथों से संधारित किये जायें या इलेक्ट्रानिक रूप से, आवश्यक रूप से ऐसे स्थान पर रखे जायेंगे;

(27) "**विहित**" से इस अधिनियम के अधीन बनाये गये नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है;

(28) "**कारबार का मुख्य स्थान**" से रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र में कारबार के मुख्य स्थान के रूप में विनिर्दिष्ट कारबार का स्थान अभिप्रेत है;

(29) "**कच्चा माल**" से अन्य माल के विनिर्माण में किसी संघटक के रूप में उपयोग में लिया जाने वाला माल अभिप्रेत है और प्रसंस्करण सामग्री, खपने वाले पदार्थ, विनिर्माण की प्रक्रिया के लिए अपेक्षित परिरक्षी, ईंधन और स्नेहक उसके अन्तर्गत है;

(30) "**रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी**" से इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन रजिस्ट्रीकृत कोई व्यवहारी अभिप्रेत है;

(31) "**निरसित अधिनियम**" से राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का अधिनियम सं. 4) अभिप्रेत है;

(32) "**पुनर्विक्रय**" से माल का, उसमें ऐसा कुछ किये बिना जिससे वह किसी विनिर्माण की कोटि में आ जाये या परिणत हो जाये, विक्रय अभिप्रेत है;

(33) "**प्रतिवर्ती कर**" से कर का ऐसा भाग अभिप्रेत है जिसके लिए धारा 12 के उपबंधो के उल्लंघन में प्रत्यय प्राप्त किया गया है;

(34) "**विवरणी**" से इस अधिनियम या उसके अधीन बनाये गये नियमों द्ववारा या उनके अधीन दिये जाने के लिए अपेक्षित विहित या उससे अन्यथा कोई विवरणी अभिप्रेत है;

(35) "**नियम**" से इस अधिनियम के अधीन बनाये गये नियम अभिप्रेत हैं;

(36) **"विक्रय"** से उसके समस्त व्याकरणिक रूपभेदों और सजातीय पदों सहित किसी एक व्यक्ति के द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को नकद या आस्थगित संदाय या अन्य मूल्यवान प्रतिफल के लिए माल में की सम्पत्ति का प्रत्येक अंतरण अभिप्रेत है और उसके अन्तर्गत निम्नलिखित है-

(i) नकद, आस्थगित संदाय या अन्य मूल्यवान प्रतिफल के लिए माल में की सम्पत्ति का, किसी संविदा के अनुसरण से अन्यथा, कोई अन्तरण;

(ii) किसी संकर्म संविदा के निष्पादन में अन्तर्वलित माल में की सम्पत्ति (चाहे वह माल के रूप में हो या किसी अन्य रूप में) का कोई अन्तरण;

(iii) अवक्रय या किस्तों द्वारा संदाय की अन्य पद्धति पर माल का कोई परिदान;

(iv) नकद, आस्थगित संदाय या अन्य मूल्यवान प्रतिफल के लिए, किसी भी प्रयोजन के लिए माल का उपयोग करने के अधिकार का कोई अन्तरण (चाहे वह किसी विनिर्दिष्ट कालावधि के लिए हो या नहीं);

(v) नकद, आस्थगित संदाय या अन्य मूल्यवान प्रतिफल के लिए माल का व्यक्तियों के किसी अनिगमित संगम या निकाय द्वारा उसके किसी सदस्य को कोई प्रदाय; और

(vi) ऐसे माल का, जो खाद्य, मानव उपभोग के लिए कोई भी अन्य वस्तु या कोई भी पेय है (चाहे वह मादक है या नहीं) किसी भी सेवा के रूप में या उसके भाग के रूप में या किसी भी अन्य रीति से, कोई प्रदाय जहां ऐसा प्रदाय नकद, आस्थगित संदाय या अन्य मूल्यवान प्रतिफल के लिए है;

और ऐसा अन्तरण, परिदान या प्रदाय कोई विक्रय समझा जायेगा और अभिव्यक्ति "क्रय करना" या "खरीदना" शब्द का अर्थ तदनुसार लगाया जायेगा;

स्पष्टीकरण.- इस अधिनियम में अंतर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, जहां कोई भी माल पैंकिंग में बेचा जाये, वहां ऐसे मामले में पैकिंग सामग्री माल के साथ बेची गयी समझी जायेगी;

(37) "**विक्रय कीमत**" से इस अधिनियम के अधीन अधिरोपित कर के सिवाय, किसी व्यवहारी को, व्यापार में सामान्यतः प्रचलित प्रथा के अनुसार किसी भी किस्म के डिस्काउण्ट या रिबेट के रूप में अनुज्ञात किसी भी राशि को कम करते हुए, किन्तु किसी भी कानूनी

उद्ग्रहण, या व्यवहारी के द्वारा माल या दी गयी सेवाओं के संबंध में उसके परिदान के समय या उसके पूर्व की गयी किसी भी बात के लिए प्रभारित किसी भी राशि को सम्मिलित करते हुए, किसी माल के विक्रय के लिए प्रतिफल के रूप में संदत्त या संदेय रकम अभिप्रेत हैं;

स्पष्टीकरण I.- अवक्रय करार द्वारा किये गये किसी करार के मामले में, माल की उस तारीख को प्रचलित बाजार कीमत, जब ऐसा माल ऐसे करार के अधीन क्रेता को परिदत्त किया गया है, ऐसे माल की विक्रय कीमत समझी जायेगी;

स्पष्टीकरण II.- विक्रय के समय बीजक से यथा प्रकट नकद या व्यापार डिस्काउण्ट विक्रय कीमत में से अपवर्जित कर दिया जायेगा किन्तु भूतलक्षी प्रभाव से दिये गये कोई भी डिस्काउण्ट या प्रोत्साहन या रिबेट या पुरस्कार आदि अपवर्जित नहीं किये जायेंगे;

स्पष्टीकरण III.- जहां किसी संविदा के निबन्धनों के अनुसार, माल-भाडे की लागत और माल के परिवहन के संबंध में के अन्य व्यय व्यवहारी के द्वारा क्रेता के लिए या उसकी ओर से उपगत किये जायें, वहां माल भाड़े की ऐसी लागत और अन्य व्यय विक्रय कीमत में सम्मिलित नहीं किये जायेंगे, यदि बीजक में पृथक् रूप से प्रभारित किये गये हों;

स्पष्टीकरण IV.- राज्य में खुदरा आउटलेट्स को डीजल और पेट्रोल के विक्रय के लिए तेल कम्पनियों द्वारा प्राप्त या प्राप्य रकम उस कीमत के बराबर समझी जायेगी जिस पर खुदरा आउटलेट्स ये वस्तुऐं उपभोक्ता को विक्रय करते हैं;

स्पष्टीकरण V.- राज्य में खुदरा आउटलेट्स को कम्प्रेस्ड नैचुरल गैस (सीएनजी) के विक्रय के लिये सिटी गैस वितरण नेटवर्क इकाईयों (सीजीडी) और/अन्य व्यवहारियों द्वारा प्राप्त या प्राप्य रकम उस कीमत के बराबर समझी जायेगी जिस पर खुदरा आउटलेट्स ये वस्तुऐं उपभोक्ता को विक्रय करते हैं;

(38) "**अनुसूची**" से इस अधिनियम से संलग्न अनुसूची अभिप्रेत है;

(39) "**विशेष आर्थिक जोन**" का वही अर्थ होगा जो विशेष आर्थिक जोन अधिनियम, 2005 (2005 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 28) की धारा 2 के खण्ड (यक) में उसे समनुदेशित किया गया है;

(40) "**कर**" से इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन उद्ग्रहणीय कोई भी कर या किसी भी नाम का अन्य उद्ग्रहण अभिप्रेत है;

(41) "**कर कालावधि**" से ऐसी कालावधि अभिप्रेत है, जिसके लिए विवरणी देने की अपेक्षा है;

(42) "**कराधेय माल**" इस अधिनियम के अधीन माल का विक्रय अभिप्रेत है, जिसका कर उद्गृहीत किया जाता है;

(43) "**कराधेय आवर्त**" से आवर्त का वह भाग अभिप्रेत है जो कुल आवर्त से ऐसी कटौतियां करने के पश्चात्, जो विहित की जायें, अवधारित किया जाये जिस पर कोई व्यवहारी इस अधिनियम के अधीन कर का संदाय करने का दायी होगा;

(44) "**राज्य में के आवर्त**" से गैर-कराधेय प्रदाय (क्रयों के मूल्य को अपवर्जित करते हुए, जिस पर किसी व्यक्ति द्वारा प्रतिलोम प्रभार के आधार पर कर संदेय है) को सम्मिलित करते हुए सभी कराधेय विक्रय और/या अन्य प्रदायों, छूट प्राप्त माल का आवर्त, माल के निर्यात, राज्य से किये गये माल के अंतरराज्यिक प्रदाय का संकलित मूल्य अभिप्रेत है, किन्तु इसमें कोई कर, अधिभार या उपकर अपवर्जित हैं;

(45) "**मूपक बीजक**" से ऐसा बीजक अभिप्रेत है जिसमें ऐसी विशिष्टियां हों, जो विहित की जायें, और जो इस अधिनियम के अधीन प्राधिकृत व्यवहारी द्वारा जारी किया जाये;

(46) "**यान या वाहक**" से माल को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने वाला, परिवहन का कोई भी ढंग अभिप्रेत है जिसके अन्तर्गत मानव या पशु भी है;

(47) "**वर्ष**" से 1 अप्रेल से प्रांरभ होने और 31 मार्च को समाप्त होने वाली कालावधि अभिप्रेत है।

(2) उन शब्दों और पदों के, जो इस अधिनियम में प्रयुक्त हैं और परिभाषित नहीं किये गये हैं किन्तु राजस्थान माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का अधिनियम सं. 9) में परिभाषित हैं, वही अर्थ होंगें जो उन्हें उस अधिनियम में समुदेशित किये गये हैं जहां तक वे इस अधिनियम के उपबंधों से असंगत ना हों।

10. इस अधिनियम के अधीन अधिकारी.- सरकार, अधिसूचना द्वारा, इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए, निम्नलिखित वर्ग के अधिकारियों को नियुक्त करेगी, अर्थात्:-

(क) मुख्य आयुक्त,

(ख) विशेष आयुक्त,

(ग) अपर आयुक्त,

(घ) संयुक्त आयुक्त,

(ङ) उपायुक्त,

(च) सहायक आयुक्त, और

(छ) अधिकारियों का कोई अन्य वर्ग, जो वह ठीक समझे:

परन्तु "अपर आयुक्त", "उपायुक्त", "सहायक आयुक्त", "वाणिज्यिक कर अधिकारी", "सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी", "कनिष्ठ वाणिज्यिक कर अधिकारी" या "कर सहायक" के पद पर पदाभिहित राज्य सरकार के अधिकारी इस अधिनियम के उपबन्धों के अधीन नियुक्त किये गये अधिकारी समझे जायेंगे।

11. अधिकारियों की नियुक्ति.- (1) सरकार, धारा 3 के अधीन यथा अधिसूचित अधिकारियों के अतिरिक्त, ऐसे व्यक्तियों की नियुक्ति कर सकेगी, जिन्हें वह इस अधिनियम के अधीन अधिकारी के रूप में ठीक समझे।

(2) आयुक्त को सम्पूर्ण राज्य पर अधिकारिता होगी और विशेष आयुक्तों को उन्हें समनुदेशित समस्त या उनमें से किन्ही कृत्यों के सम्बन्ध में सम्पूर्ण राज्य पर अधिकारिता होगी या जहां राज्य सरकार ऐसा निदिष्ट करे, उसके किसी स्थानीय क्षेत्र पर अधिकरिता होगी और अन्य समस्त अधिकारियों को, ऐसी शर्तों के अध्यधीन जो विनिर्दिष्ट की जायें, सम्पूर्ण राज्य पर या ऐसे स्थानीय क्षेत्रों पर, जो आयुक्त आदेश द्वारा निदिष्ट करे, अधिकारिता होगी।

12. अधिकारियों की शक्तियां.- (1) ऐसी शर्तों और परिसीमाओं के अध्यधीन रहते हुए जो राज्य सरकार या आयुक्त अधिरोपित करे, वाणिज्यिक कर विभाग का कोई अधिकारी इस अधिनियम के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग या उस पर अधिरोपित कर्तव्यों का निर्वहन कर सकेगा।

(2) वाणिज्यिक कर विभाग का कोई अधिकारी, किसी अन्य वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारी को जो उसके अधीनस्थ है, इस अधिनियम के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग या उस पर अधिरोपित कर्तव्यों का निर्वहन कर सकेगा।

(3) आयुक्त, ऐसी शर्तों और परिसीमाओं के अध्यधीन रहते हुए, जो उसके द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट की जाएं, अपनी शक्तियां, अपने अधीनस्थ किसी अन्य अधिकारी को प्रत्यायोजित कर सकेगा।

13. कर का भार.- (1) इस अधिनियम के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, प्रत्येक व्यवहारी-

(क) जो माल का आयातकर्ता है; या

(ख) राज्य मे जिसका वार्षिक आवर्त एक वित्तीय वर्ष में ऐसी रकम से अधिक है जैसा राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाए,

इस अधिनियम के अधीन कर संदेय करने का दायी होगा।

(2) उप-धारा (1) में अंतर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, उप-धारा (1) के खण्ड (क) में विनिर्दिष्ट व्यवहारी या वह व्यवहारी या व्यवहारियों का वर्ग जैसा कि राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाए, से भिन्न कोई व्यवहारी, जो माल का क्रय राज्य के किसी रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी से करता है और ऐसे माल या ऐसे माल से विनिर्मित माल का विक्रय राज्य के भीतर करता है, अपनी आवर्त पर, धारा 7 की उप-धारा (2) के अधीन यथा अधिसूचित दर से कर के संदाय का विकल्प, इस शर्त के अध्यधीन रहते हुए दे सकेगा कि ऐसे व्यवहारी का राज्य में वार्षिक आवर्त एक वित्तीय वर्ष में ऐसी रकम से अधिक नहीं है जैसा राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाए।

(3) केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 (1956 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 74) के अधीन रजिस्ट्रीकृत कोई व्यवहारी, जो उप-धारा (1) से (2) के अधीन कर देने का दायी नहीं है, ऐसा होने पर भी इस अधिनियम के उपबंधों के अनुसार कर संदेय करने का दायी होगा।

(4) इस अधिनियम में अन्तर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत कोई व्यवहारी, जब तक उसका रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र प्रवृत्त रहता है, तब तक, उसके आवर्त को विचार में लाये बिना, कर संदेय करने का दायी होगा।

14. कर का उद्ग्रहण और उसकी दर.- (1) इस अधिनियम के अन्य उपबंधों और केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 (1956 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 74) के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, इस अधिनियम के अधीन किसी व्यवहारी के द्वारा संदेय कर उत्तरवर्ती व्यवहारियों के द्वारा किये गये विक्रयों की आवली में ऐसे बिन्दु या बिन्दुओं पर होगा, जो विहित किये जायें और अनुसूची-1 में विनिर्दिष्ट माल के विक्रय के कराधेय आवर्त पर उक्त अनुसूची में ऐसे प्रत्येक माल के सामने उल्लिखित दर से उद्गृहीत किया जायेगा।

(2) उप-धारा (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, धारा 6 की उप-धारा (2) के अन्तर्गत आने वाले व्यवहारी द्वारा संदेय कर, आवर्त पर पांच प्रतिशत से अनधिक की ऐसी दर से उद्गृहीत किया जायेगा जो राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित की जाये:

परन्तु राज्य सरकार इस उप-धारा के लिए व्यवहारियों के भिन्न-भिन्न वर्ग के लिए भिन्न-भिन्न दरें अधिसूचित कर सकेगी।

(3) राज्य सरकार ऐसी शर्तों के अध्यधीन रहते हुये जो वह अधिरोपित करे, यदि वह लोक हित में ऐसा करना आवश्यक समझे तो, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, भविष्यलक्षी रूप से या भूतलक्षी रूप से अनुसूची-1 को परिवर्धित या उनसे लोप या अन्यथा संशोधित या उपान्तरित कर सकेगी या किसी भी माल के संबंध में संदेय कर की दर में कमी कर सकेगी और तत्पश्चात उक्त अनुसूची तदनुसार संशोधित की गयी समझी जायेगी।

(4) उप-धारा (3) के अधीन जारी प्रत्येक अधिसूचना, उसके इस प्रकार जारी किये जाने के पश्चात् यथाशक्य शीघ्र राज्य विधान-मण्डल के सदन के समक्ष, जब वह सत्र में हो, तीस दिन से अन्यून की ऐसी कालावधि के लिए रखी जायेगी जो एक सत्र में या दो उत्तरोत्तर सत्रों मे समाविष्ट हो सकेगी और यदि, ऐसे सत्र, जिसमें वह इस प्रकार रखी गयी है या ठीक अगले सत्र की समाप्ति के पूर्व राज्य विधान-मण्डल का सदन ऐसी किसी अधिसूचना में कोई भी उपांतरण करता है या यह संकल्प करता है कि ऐसी कोई अधिसूचना जारी नहीं की जानी चाहिए तो उक्त अधिसूचना तत्पश्चात केवल ऐसे उपांतरित रूप में प्रभावी होगी या, यथास्थिति, उसका कोई प्रभाव नहीं होगा, तथापि, ऐसा कोई भी उपांतरण या बातिलकरण तद्धीन पूर्व में की गयी किसी भी बात की विधिमान्यता पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेगा।

(5) इस अधिनियम में अन्तर्विष्ट किसी बात के होने पर भी राज्य सरकार, माल के ऐसे वर्ग के संबंध में और व्यवहारियों के ऐसे वर्ग द्वारा ऐसे निबंधनों और शर्तों पर, जो राजपत्र में अधिसूचित की जायें, कर का संदाय एकमुश्त राशि में किये जाने के विकल्प का उपबंध कर सकेगी।

(6) धारा 6 और 7 में अन्तर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, राज्य सरकार किसी विनिर्दिष्ट क्षेत्र या संपूर्ण राज्य के संबंध में कतिपय माल या माल के वर्ग के विक्रय या क्रय पर संदेय कर की रकम को वजन, परिमाण, माप या इकाई के आधार पर, ऐसी शर्तों और निबंधनों पर नियत कर सकेगी जो राजपत्र में अधिसूचित किये जायें।

(7) कोई व्यक्ति जो व्यवहारी नहीं है, माल के विक्रय के संबंध में इस अधिनियम के अधीन कर के रूप में कोई रकम संगृहीत नहीं करेगा।

(8) इस अधिनियम या तद्धीन बनाये गये नियमों के उपबंधों के अनुसार के सिवाय, कोई रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी कर का संग्रहण नहीं करेगा।

(9) यह साबित करने का भार, कि किसी भी व्यक्ति के द्वारा किया गया कोई भी विक्रय या क्रय किसी भी कारण से, इस अधिनियम के अधीन कर के दायित्वाधीन नहीं है, ऐसे व्यक्ति पर होगा।

15. अधिभार का उद्ग्रहण.- (1) इस अधिनियम में अंतर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, ऐसे माल के विक्रय या क्रय पर उद्ग्रहणीय कर की रकम या कर के बदले में किसी राशि के बीस प्रतिशत से अनधिक की ऐसी दर से, और ऐसी तारीख से, अधिभार उद्गृहीत किया जायेगा, जैसाकि राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाये, और रजिस्ट्रीकृत व्यवहारियों द्वारा संदत्त किया जायेगा।

(2) वे उपबंध, जो इस अधिनियम के अधीन संदेय कर पर लागू हैं, जहां तक हो सके, उप-धारा (1) के अधीन संदेय अधिभार के संबंध में लागू होंगे।

(3) उप-धारा (1) के अधीन उल्लिखित अधिभार के आगमों का उपयोग गाय और उसकी नस्ल के संरक्षण और संवर्धन के प्रयोजन के लिए किया जायेगा।

16. कर से छूट.- (1) इस अधिनियम में अंतर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, जहां राज्य सरकार की यह राय हो कि लोकहित में ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, किसी भी शर्त के बिना या ऐसी किसी भी शर्त के साथ, जो अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की जाये, किसी माल के विक्रय या क्रय को, कर से भविष्यलक्षी रूप से या भूतलक्षी रूप से, पूर्णत: या भागत: छूट दे सकेगी।

(2) राज्य सरकार लोकहित में, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, अनुसूची-2 में यथा उल्लिखित किसी भी व्यक्ति या व्यक्तियों के वर्ग के द्वारा किये गये विक्रय या क्रय को किसी भी शर्त के बिना या ऐसी शर्त के साथ जो अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की जाये, भविष्यलक्षी रूप से या भूतलक्षी रूप से छूट दे सकेगी।

(3) राज्य सरकार ऐसी शर्तों के अध्यधीन रहते हुए, जो वह अधिरोपित करे, यदि वह लोकहित में ऐसा करना आवश्यक समझे तो, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, भविष्यलक्षी रूप से या भूतलक्षी रूप से अनुसूची-2 को परिवर्धित या उसमें लोप या अन्यथा संशोधित या उपांतरित कर सकेगी और तत्पश्चात् अनुसूची तदनुसार संशोधित की हुई समझी जायेगी।

(4) राज्य सरकार, यदि वह लोकहित में ऐसा करना आवश्यक समझे तो, विशेष आर्थिक जोन को प्रोन्नत करने या निर्यात को प्रोन्नत करने के प्रयोजन के लिए विक्रयों या क्रयों के किसी वर्ग के संबंध में इस अधिनियम के अधीन संदेय सम्पूर्ण कर के संदाय से ऐसी शर्तों के अध्यधीन रहते हुए छूट की मंजूरी अधिसूचित कर सकेगी जो अधिसूचना में अधिकथित की जायें।

(5) इस धारा के अधीन जारी की गयी प्रत्येक अधिसूचना उसके इस प्रकार जारी किये जाने के पश्चात् यथाशक्य शीघ्र, राज्य विधान-मण्डल के सदन के समक्ष, जब वह सत्र में हो, तीस दिन से अन्यून की ऐसी कालावधि के लिए रखी जायेगी जो एक सत्र में या दो उत्तरोत्तर सत्रों में समाविष्ट हो सकेगी और यदि, ऐसे सत्र, जिसमें वह इस प्रकार रखी गयी है या ठीक अगले सत्र की समाप्ति के पूर्व राज्य विधान-मण्डल का सदन ऐसी किसी अधिसूचना में कोई भी उपांतरण करता है या यह संकल्प करता है कि ऐसी कोई अधिसूचना जारी नहीं की जानी चाहिए तो उक्त अधिसूचना तत्पश्चात् केवल ऐसे उपांतरित रूप में प्रभावी होगी या, यथास्थिति, उसका कोई प्रभाव नहीं होगा, तथापि, ऐसा कोई भी उपांतरण या बातिलकरण तद्धीन पूर्व में की गयी किसी भी बात की विधिमान्यता पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेगा।

17. रजिस्ट्रीकरण.- (1) धारा (6) की उप-धारा (1) या (3) के अधीन कर देने का दायी प्रत्येक व्यवहारी रजिस्ट्रीकरण मंजूर करने के लिए सक्षम प्राधिकारी को ऐसे प्ररूप में और ऐसी रीति से और ऐसे समय के भीतर, जो विहित किया जाये, आवेदन प्रस्तुत करके स्वयं को रजिस्ट्रीकृत करायेगा।

(2) जब कोई व्यवहारी, जो रजिस्ट्रीकरण कराने के दायित्वधीन है, उप-धारा (1) के अधीन आवेदन नहीं करता है तो रजिस्ट्रीकरण मंजूर करने के लिए सक्षम प्राधिकारी ऐसे व्यवहारी को सुने जाने का कोई अवसर देने के पश्चात्, उसे ऐसी तारीख से, जिसको वह इस अधिनियम के अधीन कर देने का दायी हो जाता है, रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र मंजूर करेगा और ऐसा रजिस्ट्रीकरण ऐसे प्रभावी होगा मानो वह उप-धारा (1) के अधीन मंजूर किया गया है।

(3) कोई भी व्यक्ति, जो कारबार आरंभ करने का आशय रखता है या आरंभ कर देता है, इस बात के होने पर भी वह उप-धारा (1) के अधीन रजिस्ट्रीकरण कराने के दायित्वाधीन नहीं है, रजिस्ट्रीकरण मंजूर करने के लिए सक्षम प्राधिकारी को विहित प्ररूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन कर सकेगा।

(4) इस प्रकार मंजूर किया गया रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र अन्तरणीय नहीं होगा और वह तब तक प्रवृत्त रहेगा जब तक उसे रद्द नहीं कर दिया जाता।

(5) प्रत्येक व्यक्ति जो नियत दिवस से ठीक पूर्ववर्ती दिवस पर, राजस्थान मूल्य परिवर्धित कर अधिनियम, 2003 (2003 का अधिनियम सं. 4) और केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 (1956 का अधिनियम सं. 74) के अधीन रजिस्ट्रीकृत है, नियत दिवस से इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत समझा जायेगा।

(6) राजस्थान माल एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का अधिनियम सं. 9) के अधीन पहले से ही रजिस्ट्रीकृत या रजिस्ट्रीकरण की वांछा करने और इस अधिनियम के अधीन आवेदन करने वाले किसी व्यक्ति को रजिस्ट्रीकृत किया गया समझा जायेगा।

(7) रजिस्ट्रीकरण प्रदान करने के लिए सक्षम प्राधिकारी और रजिस्ट्रीकरण को संशोधित, रद्द और प्रतिसंहृत करने के लिए सक्षम प्राधिकारी वह होगा जिसे आयुक्त द्वारा प्राधिकृत किया जाये।

(8) रजिस्ट्रीकरण, रजिस्ट्रीकरण में संशोधन, रजिस्ट्रीकरण का रद्दकरण और रद्द रजिस्ट्रीकरण का प्रतिसंहरण के लिए विस्तृत प्रक्रिया ऐसी होगी, जो विहित की जाये।

(9) इस अधिनियम के अन्य उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए, जहां कोई व्यवहारी रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन करता है वहां वह ऐसे आवेदन की तारीख से अपने विक्रयों पर इस अधिनियम के उपबंधों के अनुसार कर संगृहीत करना प्रारम्भ कर सकेगा और उस स्थिति में, इस अधिनियम के ऐसे समस्त उपबंध, जो किसी रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी को लागू होते हैं, यथावश्यक परिवर्तनों सहित, उस पर लागू होंगे।

18. किसी व्यवहारी द्वारा संदेय कर.- (1) इस अधिनियम के अन्य उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए किसी कर की कालावधि के लिए धारा 6 की उप-धारा (2) के अन्तर्गत आने वाले व्यवहारी से भिन्न किसी रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी द्वारा संदेय शुद्व कर निम्नलिखित रूप से संगणित किया जायेगा:-

टी=(ओ + आर) - आई

जहां 'टी' संदेय शुद्व कर है; 'ओ' आउटपुट कर की रकम है; 'आर' प्रतिवर्ती कर की रकम है; और 'आई' इनपुट कर की रकम है।

(2) जहां उप-धारा (1) के अधीन संदेय शुद्ध कर का मूल्य नकारात्मक हो वहां उसे प्रथमत: केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 (1956 का केन्द्रीय अधिनियम संख्यांक 74) के अधीन या इस अधिनियम या निरसित अधिनियम के अधीन संदेय किसी कर या बकाया रकम के विरुद्ध समायोजित

किया जायेगा और अतिशेष रकम, यदि कोई हो अगली कर कालावधि या कालावधियों के लिए अग्रनीत की जायेगी।

(3) इस अधिनियम मे अन्तर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, जहां विक्रय इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत मालिक की ओर से इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत अभिकर्ता द्वारा किये जाते हैं वहां ऐसे विक्रय मालिक द्वारा किये गये विक्रय समझे जायेंगे और अभिकर्ता ऐसे विक्रयों के लेखे ऐसी रीति से देगा जो विहित की जाये।

(4) प्रत्येक व्यक्ति, जिसका रजिस्ट्रीकरण इस अधिनियम के अधीन रद्द किया जाता है, ऐसे रद्दकरण की तारीख को स्टॉक में धारित प्रत्येक कराधेय माल और पूंजीगत माल के संबंध में विहित रीति से कर संदत्त करेगा।

19. इनपुट कर प्रत्यय.- (1) इनपुट कर प्रत्यय, किसी रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी से राज्य के भीतर किये गये किसी भी कराधेय माल के क्रय के संबंध में धारा 6 की उप-धारा (2) के अन्तर्गत आने वाले व्यवहारियों से भिन्न रजिस्ट्रीकृत व्यवहारियों को ऐसी सीमा तक और ऐसी रीति से, जो विहित की जाये-

(क) राजस्थान राज्य के भीतर विक्रय; या

(ख) भारत के राज्यक्षेत्र के बाहर निर्यात के अनुक्रम में विक्रय; या

(ग) राज्य के भीतर विक्रय के लिए, छूट प्राप्त माल से भिन्न माल के विनिर्माण में राज्य सरकार द्वारा यथा अधिसूचित के सिवाय कच्ची सामग्री के रूप में उपयोग किये जाने; या

(घ) भारत के राज्यक्षेत्र के बाहर निर्यात के अनुक्रम में विक्रय के लिए माल के विनिर्माण में कच्ची सामग्री के रूप में उपयोग किये जाने, के प्रयोजन के लिए अनुज्ञात किया जायेगा,

तथापि, यदि क्रय किया गया माल भागतः इस उप-धारा में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए और भागतः अन्यथा उपयोग में लिया जाता है तो इनपुट कर प्रत्यय उस सीमा तक, जिस तक उनका उपयोग इस उप-धारा में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए किया जाता है, आनुपातिक रूप से अनुज्ञात किया जायेगा।

(2) इस धारा में अंतर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, कोई व्यवहारी उसको किये गये किसी माल के विक्रय के संबंध में कोई इनपुट कर का प्रत्यय प्राप्त करने का तब तक हकदार नहीं होगा, जब तक,-

(i) उसके कब्जे में इस अधिनियम के अधीन किसी रजिस्ट्रीकृत विक्रय व्यवहारी द्वारा जारी कोई कर बीजक या नामे नोट या कोई अन्य ऐसा कर संदाय दस्तावेज, जो विहित किया जाए, न हो;

(ii) उसने माल प्राप्त नहीं कर लिया हो;

स्पष्टीकरण.- इस खण्ड के प्रयोजन के लिए यह समझा जाएगा कि व्यवहारी ने माल प्राप्त कर लिया है, जहां किसी विक्रेता द्वारा किसी क्रेता को या ऐसे रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी के निदेश पर किसी अन्य व्यक्ति को, चाहे वह अभिकर्ता के रूप में कार्य कर रहा हो या नहीं, माल के संचलन से पूर्व या उसके दौरान माल पर हक के दस्तावेजों के अंतरण द्वारा या अन्यथा, माल परिदत्त कर दिया जाता है;

(iii) इनपुट कर के दावों के मिलान से संबधित उपबंधों के अधीन रहते हुए, ऐसे विक्रय के संबंध में प्रभारित कर का, नकद में या उक्त विक्रय के संबंध में अनुज्ञेय इनपुट कर प्रत्यय का उपयोग करके वास्तविक रूप से सरकार को संदत्त न कर दिया जाए; और

(iv) वह धारा 17 के अधीन विवरणी न दे दे;

(v) खण्ड (i) में निर्दिष्ट बीजक या नामे नोट के ब्यौरे रजिस्ट्रीकृत विक्रय व्यवहारी द्वारा विक्रय के विवरण मे नहीं दिये गये हैं और ऐसे ब्यौरे, ऐसी रीति से, जैसी विहित की जाए, ऐसे बीजक या नामे नोट के प्राप्तिकर्ता को संसूचित नहीं किये गये है:

परन्तु जहां माल मूपक बीजक के विरुद्व लाट या किस्तों में प्राप्त होता है, वहां रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी अंतिम लाट या किस्त की प्राप्ति पर प्रत्यय लेने का हकदार होगा:

परन्तु यह और कि क्रेता माल के विक्रय के मूल्य के साथ उस पर संदेय कर के मध्य रकम का उसके द्वारा किये गये संदाय पर इनपुट कर प्रत्यय का उपभोग करने का हकदार होगा;

(vi) कोई रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी, उस वित्तीय वर्ष के, जिससे ऐसा बीजक या ऐसे नामे नोट से संबंधित बीजक संबंधित है, अंत के अगले नवम्बर मास के लिए धारा 17 के अधीन विवरणी के दिये जाने की नियत तारीख के पश्चात्, जैसा कि विहित किया जाए, माल के विक्रय के लिए किसी बीजक या नामे नोट के संबंध में या सुसंगत वार्षिक विवरणी देने के लिए, इनमें से जो भी पूर्वतर हो, इनपुट कर प्रत्यय लेने का हकदार नहीं होगा।

(3) इस अधिनियम में अन्तर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, कोई भी इनपुट कर प्रत्यय निम्नलिखित क्रयों पर से अनुज्ञात नहीं किया जायेगा-

(i) ऐसे रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी से, जो धारा 6 की उप-धारा (2) के अधीन कर देने का दायी है; या

(ii) राज्य के बाहर से आयात के अनुक्रम में किये गये माल के; या

(iii) ऐसे रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी से, जो प्रथम बिन्दु पर कर संदत्त करता है, विक्रयों की आवली में प्रथम बिन्दु पर कराधेय माल के;

स्पष्टीकरण.- इस खण्ड के प्रयोजन के लिए "विक्रयों की आवली में के प्रथम बिन्दु" से किसी रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी द्वारा किया गया राज्य में प्रथम विक्रय अभिप्रेत है; या

(iv) जहां मूल मूपक बीजक या उसकी दूसरी प्रति दावेदार के पास उपलब्ध नहीं हो या ऐसा साक्ष्य है कि वह विक्रय करने वाले रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी द्वारा जारी नहीं किया गया है जिससे माल का क्रय किया जाना तात्पर्यित है; या

(v) ऐसे माल के, जहां मूपक बीजक कर की रकम अलग से दर्शित नहीं करता; या

(vi) जहां क्रय करने वाला व्यवहारी आयुक्त द्वारा प्राधिकृत सहायक आयुक्त से अनिम्न रैंक के किसी अधिकारी द्वारा ऐसी अपेक्षा किये जाने पर विक्रय करने वाले व्यवहारी को प्रस्तुत करके या अन्यथा क्रय संव्यवहार की वास्तविकता सिद्ध करने में विफल हो जाता है।

(4) राज्य सरकार ऐसे मामलों को अधिसूचित कर सकेगी जिनमें आंशिक इनपुट कर प्रत्यय ऐसी शर्तों के अध्यधीन रहते हुए अनुज्ञात किया जा सकेगा, जो इसके द्वारा अधिसूचित की जायें।

(5) इस अधिनियम में अन्तर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, जहां राज्य में क्रय किये गये किसी माल का सहायता प्राप्त कीमत पर तत्पश्चात् विक्रय किया जाता है तो ऐसे माल के संबंध में इस धारा के अधीन अनुज्ञेय इनपुट कर ऐसे माल पर संदेय आउटपुट कर से अधिक नहीं होगा।

(6) किसी भी क्रय पर इनपुट कर प्रत्यय की हकदारी को साबित करने का भार ऐसे व्यक्ति पर होगा, जिसने इनपुट कर प्रत्यय के लिए दावा फाइल किया है।

20. कर, ब्याज, शास्ति और अन्य रकम का संदाय.- (1) इस अधिनियम के अधीन संदेय कर, किसी व्यवहारी के लेखों के आधार पर, ऐसी रीति से और ऐसे अन्तरालों पर, जो राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किये जायें, किसी सरकारी खजाने में या राज्य सरकार की ओर से धन प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत किसी बैंक में निक्षिप्त किया जायेगा, और व्यवहारियों के भिन्न-भिन्न प्रवर्गों के लिए भिन्न-भिन्न अन्तराल अधिसूचित किये जा सकेंगे।

(2) किसी व्यक्ति द्वारा इंटरनेट बैकिंग या क्रेडिट या डेबिट कार्ड या राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिक निधि अंतरण या वास्तविक समय समग्र निपटान या यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस या किसी ऐसे अन्य ढंग द्वारा और ऐसी शर्तों तथा ऐसे निबंधनों के अध्यधीन रहते हुए, जो विहित किये जाएं, कर, ब्याज, शास्ति, फीस या किसी अन्य रकम के लिए किये गये प्रत्येक निक्षेप को, ऐसे व्यक्ति के इलेक्ट्रानिक नकद खाते में ऐसी रीति से और ऐसे अन्तराल पर, जो विहित किया जाए, संधारित करने के लिए प्रत्यय किया जायेगा।

(3) किसी रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी की विवरणी में यथा स्वत: निर्धारित इनपुट कर प्रत्यय का उसके इलेक्ट्रानिक जमा खाते में, ऐसी रीति से, जो विहित की जाए, धारा 12 के अनुसार में प्रत्यय किया जायेगा।

(4) इलेक्ट्रानिक नकद खाते में उपलब्ध रकम का उपयोग इस अधिनियम या तद्धीन बनाये गये नियमों के उपबंधों के अधीन संदेय कर, ब्याज, शास्ति, फीस या किसी अन्य रकम के लिए ऐसी रीति से और ऐसी शर्तों के अध्यधीन रहते हुए, तथा, ऐसे समय के भीतर, जो विहित किया जाए, किया जा सकेगा।

(5) इलेक्ट्रानिक जमा खाते में उपलब्ध रकम का उपयोग, इस अधिनियम या केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 (1956 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 74) के अधीन आउटपुट कर दायित्व का

संदाय करने के लिए, ऐसी रीति से और ऐसी शर्तों के अध्यधीन रहते हुए, तथा ऐसे समय के भीतर, जो विहित किया जाए, किया जा सकेगा।

(6) इस अधिनियम के अधीन रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी के सभी दायित्वों को इलेक्ट्रानिक उत्तरदायित्व रजिस्टर में ऐसी रीति से, जो विहित की जाए, अभिलिखित और संधारित किया जायेगा।

(7) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी इस अधिनियम या तद्धीन बनाये गये नियमों के अधीन अपने कर और अन्य शोध्यों का निम्नलिखित क्रम में निर्वहन करेगा, अर्थात्:-

(क) स्व-निर्धारित कर और अन्य पूर्व कर कालावधियों से संबंधित विवरणियों के शोध्य;

(ख) स्व-निर्धारित कर और अन्य चालू कालावधियों से संबंधित विवरणियों के शोध्य;

(ग) इस अधिनियम के अधीन अवधारित मांग को सम्मिलित करते हुए, इस अधिनियम या तद्धीन बनाये गये नियमों के अधीन संदेय कोई अन्य रकम।

(8) प्रत्येक व्यक्ति, जिसने इस अधिनियम के अधीन माल पर कर संदत्त किया है, जब तक कि उसके द्वारा प्रतिकूल न साबित किया जाए, यह समझा जायेगा कि उसने ऐसे कर के पूर्ण भार को ऐसे माल के क्रय व्यवहारी को दिया है।

(9) इस अधिनियम या तद्धीन बनाये गये नियमों के अधीन संदेय कर, ब्याज, शास्ति, फीस या किसी अन्य रकम का संदाय करने के पश्चात् इलेक्ट्रानिक नकद खाते में शेष धारा 31 के उपबंधों के अनुसार प्रतिदाय किया जा सकेगा।

स्पष्टीकरण.- इस धारा के प्रयोजनों के लिए,-

(क) प्राधिकृत बैंक में सरकार के खाते में जमा की तारीख, इलेक्ट्रानिक नकद खाते में निक्षेप की तारीख समझी जायेगी;

(ख) अभिव्यक्ति,-

(i) "कर शोध्य" से इस अधिनियम के अधीन संदेय कर अभिप्रेत है और इसमें ब्याज ,फीस और शास्ति सम्मिलित नहीं है; और

(ii) "अन्य शोध्य" से इस अधिनियम या तद्धीन बनाये गये नियमों के अधीन संदेय ब्याज, शास्ति, फीस या कोई अन्य रकम अभिप्रेत है।

21. कर के विलंबित संदाय पर ब्याज.- (1) प्रत्येक व्यवहारी, जो इस अधिनियम या तद्धीन बनाये गये नियमों के उपबंधों के अनुसरण में कर का संदाय करने का दायी है, किन्तु सरकार को विहित कालावधि के भीतर कर या उसके किसी भाग का संदाय करने में असफल रहता है, उस कालावधि के लिए जिसके लिए कर या उसका कोई भाग असंदत्त रहता है, स्वयं ऐसी दर पर, जैसा सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाए, ब्याज का संदाय करेगा:

परन्तु धारा 17 के उपबंधों के अनुसार नियत तारीख के पश्चात्, किसी कर कालावधि के दौरान किये गये विक्रयों के संबंध में और उक्त कालावधि के लिए दी गयी विवरणी में घोषित संदेय कर पर ब्याज, सिवाय वहां के, जहां ऐसी विवरणी उक्त कालावधि के संबंध में धारा 22 के अधीन किन्हीं कार्यवाहियों के प्रारंभ के पश्चात् दी जाती है, कर के उस भाग पर, जिसका संदाय इलेक्ट्रानिक नकद खाते से निकासी द्वारा किया जाता है, संदेय होगा।

(2) उप-धारा (1) के अधीन ब्याज की संगणना, उस दिवस, जिसको ऐसा कर संदत्त किये जाने के लिए शोध्य था, के पश्चात्वर्ती दिवस से ऐसी रीति से, जो विहित की जाए, की जायेगी।

(3) जहां इनपुट कर प्रत्यय का गलत रूप से उपभोग और उपयोग कर लिया गया है, वहां रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी, गलत रूप से उपभोग और उपयोग किये गये ऐसे इनपुट कर प्रत्यय पर, ऐसी दर पर जो राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित की जाये, ब्याज संदत्त करेगा और ब्याज की गणना ऐसी रीति से की जायेगी, जो विहित की जाए।

22. मूपक बीजक, जमा और नामे नोट.- कराधेय माल का विक्रय करने वाला रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी,-

(क) जहां विक्रय में माल का संचलन अंतर्वलित है, क्रेता को विक्रय के लिए माल को हटाने से पूर्व या के समय; या

(ख) किसी अन्य मामले में, क्रेता को माल का परिदान करने या उसे उपलब्ध कराने से पूर्व या के समय,

माल का विवरण, मात्रा और मूल्य, उस पर पृथक् रूप से प्रभारित कर और ऐसी अन्य विशिष्टियां, जैसी विहित की जायें, दर्शित करते हुए मूपक बीजक जारी करेगा:

परन्तु सरकार, अधिसूचना द्वारा, ऐसे समय में और ऐसी रीति से, जो विहित की जाए माल या विक्रयों के प्रवर्गों जिनके संबंध में मूपक बीजक जारी किया जायेगा, को विनिर्दिष्ट कर सकेगी:

परन्तु यह और कि मूपक बीजक के संबंध में रीति, समयावधि और जमा नोट, नामे नोट के संबंध में अन्य शर्तें ऐसी होंगी, जैसी कि विहित की जायें।

23. लेखे और अन्य अभिलेख.- (1) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी अपने कारबार के मूल स्थान पर रजिस्ट्रीकरण के प्रमाणपत्र में यथावर्णित विक्रय और क्रय, माल का स्टाक और ऐसी अन्य विशिष्टियां ऐसे समय के लिए और ऐसे रीति से, जो विहित की जाएं, अनुरक्षित और संधारित करेगा।

(2) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी, जो कर देने का दायी है, ऐसे समय के भीतर-भीतर और ऐसी रीति से, जो विहित की जाये, इस अधिनियम के प्रयोजनों के लिए अपने कारबार के ऐसे व्यक्ति या व्यक्तियों के नाम, जो प्रबंधक है/हैं और व्यवहारी की ओर से इस अधिनियम के अधीन नोटिस और अन्य दस्तावेज प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत व्यक्ति या व्यक्तियों के नाम भी कथित करते हुए, घोषणा प्रस्तुत करेगा और ऐसे व्यक्ति पर ऐसी तामील व्यवहारी पर बाध्यकारी होगी।

24. विक्रय, अन्य डिस्पेचों, क्रयों, अन्य प्राप्तियों के ब्यौरे देना और विवरणियां फाइल करना.-(1) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी किसी कर कालावधि के दौरान किये गये विक्रय और अन्य डिस्पेचों के ब्यौरे, ऐसे समय के भीतर और ऐसे प्ररूप में और रीति से और ऐसी शर्तों और निर्बंधनों के अध्यधीन जैसा कि विहित किया जाए, इलेक्ट्रानिक रूप से देगा।

(2) उप-धारा (1) के अधीन रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी द्वारा किये गये विक्रय और अन्य डिस्पेचों के ब्यौरे और इनपुट कर प्रत्यय के ब्यौरे को अन्तर्विष्ट करते हुए एक स्व-जनित कथन इलेक्ट्रानिक रूप से, ऐसे प्ररूप में और रीति से, ऐसे समय के भीतर और ऐसी शर्तों और निर्बंधनों के अध्यधीन, जैसा कि विहित किया जाए, उपलब्ध कराया जाएगा।

(3) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी इस अधिनियम के अधीन अपने दायित्व का निर्धारण करेगा और विवरणी इलेक्ट्रानिक रूप से, ऐसी कालावधि के लिए, ऐसे प्ररूप में और ऐसी रीति से और ऐसे समय के भीतर, जो विहित किया जाये, राज्य के अभिहित पोर्टल पर देगा।

(4) कोई भी व्यक्ति या कोई भी रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी, जिससे निर्धारण प्राधिकारी द्वारा या आयुक्त द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अधिकारी द्वारा ऐसा करने की नोटिस द्वारा अपेक्षा की जाये, विवरणी ऐसी कालावधि के लिए, ऐसे प्ररूप में और ऐसी रीति से और ऐसे समय के भीतर, जो विहित किया जाये, देगा।

(5) क्रेता व्यवहारी द्वारा इनपुट कर प्रत्यय का उपयोग करने के लिए विस्तार, समयावधि और प्रक्रिया और उसका सत्यापन ऐसा होगा, जैसा विहित किया जाए।

(6) उप-धारा (1), (2) और (3) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, जहां आयुक्त की यह राय हो कि लोकहित में ऐसा करना समीचीन है वहां वह, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, विक्रय, अन्य डिस्पेच, क्रय और अन्य प्राप्तियां, विवरणियां प्रस्तुत करने की तारीख बढ़ा सकेगी या व्यवहारी या व्यवहारियों के वर्ग द्वारा किसी विक्रय, अन्य डिस्पेच, क्रय और अन्य प्राप्तियों और/या विवरणियों के समस्त ब्यौरे फाइल करने की अपेक्षा से अभिमुक्ति प्रदान कर सकेगी।

25. वार्षिक विवरणी और अंतिम विवरणी.- (1) अनिवासी व्यवहारी सहित प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी, प्रत्येक वितीय वर्ष के लिए इलेक्ट्रानिक रूप से ऐसे समय के भीतर और ऐसे प्ररूप और ऐसी रीति से, जो विहित की जाए, एक वार्षिक विवरणी प्रस्तुत करेगा।

(2) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी, जिससे उसके लेखाओं की लेखापरीक्षा करवाने की अपेक्षा है, वार्षिक लेखाओं की संपरीक्षित प्रति और एक मिलान विवरण के साथ वित्तीय वर्ष के लिए प्रस्तुत वार्षिक विवरणों में घोषित विक्रय के मूल्य को संपरीक्षित वार्षिक वित्तीय विवरण के साथ मिलाते हुए और ऐसी अन्य विशिष्टियों के साथ, जो विहित की जाए, इलेक्ट्रानिक रूप से उप-धारा (1) के अधीन एक वार्षिक विवरणी प्रस्तुत करेगा।

(3) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी, जिससे धारा 17 की उप-धारा (3) के अधीन विवरणी प्रस्तुत करना अपेक्षित है और जिसका रजिस्ट्रीकरण रद्द कर दिया गया है, रद्द करने की तारीख या रद्द करने के आदेश की तारीख, जो भी पश्चात्वर्ती हो, से तीन मास के भीतर ऐसे प्ररूप और ऐसी रीति से, जो विहित की जाए, एक अंतिम विवरणी प्रस्तुत करेगा।

26. विलंब फीस का उद्ग्रहण.- कोई रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी जो धारा 17 और धारा 18 के अधीन अपेक्षित विक्रय, क्रय या विवरणियों के ब्यौरे नियत तारीख तक प्रस्तुत करने में असफल रहता है, तो नियत तारीख से विवरणियां प्रस्तुत करने में विलंब के लिए, जैसा कि विहित किया जाए, पचास हजार रुपये से अनधिक विलंब फीस का संदाय करेगा।

27. स्व-निर्धारण.- धारा 10 के अधीन रजिस्ट्रीकृत प्रत्येक व्यवहारी प्रत्येक कर कालावधि के लिए विहित समय के भीतर इस अधिनियम के अधीन संदेय कर का स्वनिर्धारण करेगा और धारा 17 और धारा 18 के अधीन यथा विनिर्दिष्ट विवरणी में ऐसे ब्यौरों की उद्घोषणा करेगा। ऐसा

व्यवहारी इस प्रकार फाईल की गयी विवरणियों के आधार पर निर्धारित किया गया समझा जाएगा तथा धारा 21 से संबंधित मामलों के सिवाय कोई पृथक् आदेश जारी किया जाना अपेक्षित नहीं होगा।

28. विवरणियों की संवीक्षा एवं निर्धारण.- (1) निर्धारण अधिकारी रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी द्वारा प्रस्तुत विवरणी और संबंधित विशिष्टियों की विवरणी के सही होने का सत्यापन करने के लिए संवीक्षा कर सकेगा और ध्यान में आयी विसंगतियों, यदि कोई हों, की ऐसी रीति से, जो विहित की जाए, सूचना दे सकेगा तथा उस पर उसका स्पष्टीकरण प्राप्त कर सकेगा।

(2) स्पष्टीकरण के स्वीकार्य पाये जाने की दशा में रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी को तदनुसार सूचित किया जायेगा और इस संबंध में कोई और कार्रवाई नहीं की जायेगी।

(3) निर्धारण प्राधिकारी द्वारा सूचित किये जाने के तीस दिवस की कालावधि के भीतर या ऐसी और कालावधि, जो उसके द्वारा अनुज्ञात की जाए, में समाधानप्रद स्पष्टीकरण प्रस्तुत न किये जाने की दशा में या जहां रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी विसंगतियों को स्वीकार करने के पश्चात् उसकी विवरणी में, जिसमें विसंगति स्वीकार की जाती है, सुधारकारी उपाय करने में असफल रहता है तो निर्धारण प्राधिकारी या आयुक्त द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, व्यवहारी को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् और ऐसी जांच करने के पश्चात् जो वह आवश्यक समझे, अभिलेख पर उपलब्ध सामग्री के आधार पर व्यवहारी का अपनी सर्वोत्तम विवेक बुद्धि से निर्धारण करेगा।

(4) जहां कोई व्यवहारी इस अधिनियम के अधीन स्वयं को रजिस्ट्रीकृत करने में असफल रहता है या धारा 17 और धारा 18 के अधीन विवरणियां प्रस्तुत करने में असफल रहता है या नोटिस की तामील के पश्चात् भी, अधिसूचित कर कालावधि के अनुसार कर जमा करने में असफल रहता है, तो निर्धारण प्राधिकारी ऐसे समय में और ऐसी रीति से, जो विहित की जाए, अपनी सर्वोत्तम विवेक बुद्धि से ऐसे व्यक्ति के करदायित्व के निर्धारण की कार्यवाही कर सकेगा।

(5) इस धारा के अधीन कोई भी निर्धारण आदेश सुसंगत वर्ष के समाप्त होने से तीन वर्ष की समाप्ति के पश्चात् पारित नहीं किया जायेगा। तथापि, आयुक्त, अभिलिखित किये जाने वाले कारणों से किसी विशेष मामले में ऐसी समय-सीमा को छह मास से अनधिक की कालावधि के लिए बढ़ा सकेगा।

29. कर के परिवर्जन या अपवंचन के मामले में निर्धारण.- (1) जहां निर्धारण प्राधिकारी या आयुक्त द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत किसी अधिकारी के पास यह विश्वास करने का कारण हो कि किसी व्यवहारी ने कर का परिवर्जन या अपवंचन किया है या विधि के अनुसार कर संदत्त नहीं किया है या इनपुट कर का प्रत्यय गलत रूप से प्राप्त किया है या त्रुटिवश प्रतिदाय प्राप्त किया है, वहां वह व्यवहारी को सुने जाने का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् किसी भी समय और किसी भी कालावधि के लिए, ऐसे व्यवहारी के उस कराधेय आवर्त का, जिस पर कर का परिवर्जन या अपवंचन किया गया है या इनपुट कर का प्रत्यय गलत रूप से प्राप्त किया है या त्रुटिवश प्रतिदाय प्राप्त किया है और अपनी सर्वोत्तम विवेकबुद्धि से ऐसे समय में और ऐसी रीति से, जैसा कि विहित किया जाए, कर निर्धारित करेगा।

(2) इस धारा के अधीन कोई निर्धारण आदेश सुसंगत वर्ष के अंत से तीन वर्ष के अवसान के पश्चात् जारी नहीं किया जायेगा। तथापि, आयुक्त किसी विशिष्ट मामले में, कारणों को अभिलिखित करते हुए, ऐसी समय सीमा को छह माह से अनधिक कालावधि के लिए बढ़ा सकेगा।

30. व्यवहारी की लेखापरीक्षा.- (1) इस अधिनियम के उपबंधों के अनुपालन को अग्रसर करने की दृष्टि से, आयुक्त ऐसे रजिस्ट्रीकृत व्यवहारियों के, जो आयुक्त द्वारा किसी मानदंड के लागू किये जाने के आधार पर या यदा-कदा चयन आधार पर चयनित किये जाते हैं, या जिनके संबंध में आयुक्त के पास यह विश्वास करने के कारण हों कि उनके कारबार की विस्तृत संवीक्षा आवश्यक है, कारबार की लेखापरीक्षा की व्यवस्था कर सकेगा। व्यवहारी की लेखापरीक्षा विहित रीति से लेखापरीक्षक द्वारा की जायेगी।

(2) यदि ऐसी लेखापरीक्षा पर, व्यवहारी द्वारा फाइल की गयी विवरणियां सही नहीं पायी जाती हैं या कर के किसी परिवर्जन या अपवंचन का पता चलता है तो लेखापरीक्षक पता चली विसंगतियों का ब्यौरा अंतर्विष्ट करते हुए व्यवहारी को हेतुक दर्शित करने का नोटिस जारी करेगा।

(3) उप-धारा (2) के अधीन जारी किये गये नोटिस का उत्तर प्राप्त होने पर लेखापरीक्षक, व्यवहारी के उत्तर पर विचार करने के पश्चात् उसके कर और अन्य संबंधित दायित्वों का निर्धारण करेगा ओर ऐसे आदेश को अपने अव्यवहित उच्चाधिकारी से मांग नोटिस के साथ व्यवहारी को उसे जारी करने से पूर्व अनुमोदित करवायेगा। जहां व्यवहारी उत्तर देने में विफल रहता है वहां लेखापरीक्षक इस अधिनियम के अधीन व्यवहारी के दायित्व का अपनी सर्वोत्तम विवेकबुद्धि से निर्धारण करने के लिए अग्रसर होगा। ऐसा निर्धारण उस सुसंगत कालावधि के लिए व्यवहारी का निर्धारण समझा जायेगा और पहले से किया गया निर्धारण, यदि कोई हो, इस धारा के अधीन किये गये निर्धारण के अध्यधीन होगा।

(4) सुसंगत वर्ष की समाप्ति से तीन वर्ष के अवसान के पश्चात् इस धारा के अधीन कोई निर्धारण आदेश जारी नहीं किया जाएगा। तथापि, आयुक्त किसी विशिष्ट मामले में, कारणों को अभिलिखित करते हुए, ऐसी समय सीमा को दो वर्ष से अनधिक कालावधि के लिए बढ़ा सकेगा।

(5) उप-धारा (4) में अंतर्विष्ट किसी बात के होने पर भी जहां निर्धारण से संबंधित कोई कार्यवाही बोर्ड या किसी सक्षम न्यायालय या इस अधिनियम के अधीन किसी अन्य प्राधिकारी के न्यायनिर्णयन के अधीन हो तो ऐसे मामलों में निर्धारण ऐसी कार्यवाहियों के अंतिम न्यायनिर्णयन से तीन वर्ष के भीतर-भीतर पारित किया जा सकेगा। तीन वर्ष की परिसीमा की गणना ऐसे अंतिम न्यायनिर्णयन आदेश के निर्धारण प्राधिकारी को संसूचना की तारीख से की जायेगी।

31. किसी गलती की परिशुद्धि.- (1) अभिलेख से प्रकट किसी भी गलती की परिशुद्धि करने की दृष्टि से इस अधिनियम के अधीन नियुक्त कोई भी अधिकारी या गठित कोई भी प्राधिकरण अपने द्वारा पारित किसी भी आदेश को स्वप्रेरणा से या अन्यथा परिशुद्ध कर सकेगा।

स्पष्टीकरण.- अभिलेख से प्रकट किसी गलती में कोई ऐसा आदेश सम्मिलित होगा जो, उस समय विधिमान्य था जब वह किया गया था और भूतलक्षी प्रवर्तन वाले विधि के किसी संशोधन द्वारा या उच्चतम न्यायालय, राजस्थान उच्च न्यायालय या बोर्ड के किसी निर्णय द्वारा बाद में अविधिमान्य कर दिया जाये।

(2) उप-धारा (1) के अधीन परिशुद्धि के लिए कोई भी आवेदन परिशुद्ध किये जाने के लिए ईप्सित आदेश की तारीख से तीन वर्ष की कालावधि की समाप्ति के पश्चात् फाइल नहीं किया जायेगा।

(3) जहां उप-धारा (1) के अधीन कोई आवेदन निर्धारण प्राधिकारी को प्रस्तुत किया जाये और उसकी रसीद अभिप्राप्त की जाये, वहां उसका निपटारा प्रस्तुत किये जाने की तारीख से एक वर्ष की कालावधि के भीतर-भीतर किया जायेगा और जहां ऐसे आवेदन का निपटारा उक्त कालावधि के भीतर-भीतर नहीं किया जाये वहां वह मंजूर कर लिया गया समझा जायेगा।

(4) इस धारा के अधीन कोई भी परिशुद्धि परिशुद्ध किये जाने के लिए ईप्सित आदेश की तारीख से चार वर्ष की समाप्ति के पश्चात् नहीं की जायेगी:

परन्तु आयुक्त, इस धारा के अधीन अधिसूचना द्वारा, किसी आवेदन को फाईल करने और उसके निपटान के लिए अपेक्षित समय अवधि को बढ़ा सकेगा।

(5) परिशुद्धि का कोई भी ऐसा आदेश, जिसके प्रभाव से किसी व्यवहारी के दायित्व में किसी भी रूप में वृद्धि होती हो, उसे सुने जाने का कोई अवसर दिये बिना, नहीं किया जायेगा।

32. एकपक्षीय निर्धारण का पुनः खोला जाना.- (1) जहां कोई निर्धारण धारा 21 या धारा 22 या धारा 23 के अधीन एकपक्षीय किया गया है वहां निर्धारण प्राधिकारी ऐसे निर्धारण के परिणामस्वरूप मांग नोटिस की तामील की तारीख से साठ दिन के भीतर-भीतर, व्यवहारी द्वारा किये गये आवेदन पर इस धारा की उप-धारा (2) के अध्यधीन रहते हुए निर्धारण आदेश रद्द करने और विधि के उपबंधों के अनुसार नया निर्धारण करने की कार्यवाही करने का निदेश दे सकेगा।

(2) उप-धारा (1) के अधीन कार्यवाही करने के पूर्व निर्धारण प्राधिकारी को यह समाधान कर लेना चाहिए कि आवेदक व्यवहारी ने धारा 21 या धारा 22 या धारा 23 के अधीन उसे जारी किये गये नोटिस या समन प्राप्त नहीं किये या कि वह निर्धारण के लिए उसे जारी किये गये किसी भी नोटिस या समन का पालन करने से पर्याप्त हेतुक से निवारित हो गया था।

(3) निर्धारण प्राधिकारी उप-धारा (1) में यथाउल्लिखित निर्धारण आदेश के रद्दकरण की तारीख से साठ दिन के भीतर-भीतर नया निर्धारण करेगा।

33. कर या मांग के संदाय के लिए दायित्व.- (1) कर या मांग इस अधिनियम के अधीन किये गये किसी निर्धारण या पारित किसी आदेश के आधार पर किसी व्यवहारी या किसी व्यक्ति द्वारा संदेय होगी।

स्पष्टीकरण I.- इस अधिनियम के अधीन संदेय ब्याज, शास्ति, या किसी भी राशि को, संग्रहण, वसूली के प्रयोजनों के लिए और उनसे प्रासंगिक या आनुषंगिक समस्त विषयों के लिए, कर समझा जायेगा।

स्पष्टीकरण II.- मांग के अन्तर्गत इस अधिनियम या नियमों के अधीन किसी व्यक्ति या किसी व्यवहारी द्वारा संदेय कोई भी रकम है।

(2) किसी व्यवहारी या किसी व्यक्ति द्वारा संदत्त कर, इस अधिनियम के अधीन किसी कर दायित्व या पारित किसी आदेश के अनुसरण में संदेय ठहरायी गयी रकम के प्रति समायोजित किया जायेगा और अतिशेष रकम, ऐसे व्यवहारी या व्यक्ति द्वारा, नोटिस की तामील की तारीख से तीस दिन के भीतर-भीतर या तीस दिन से कम की ऐसी कालावधि के भीतर-भीतर संदेय होगी जो निर्धारण प्राधिकारी या लेखापरीक्षक या आयुक्त द्वारा प्राधिकृत किसी भी अन्य प्राधिकारी के द्वारा विशेष परिस्थितियों में और लेखबद्ध किये जाने वाले कारणों से अवधारित की जाये।

(3) उप-धारा (1) या उप-धारा (2) के अधीन संदेय कर या मांग के संदाय में व्यतिक्रम होने पर, कर या मांग की रकम राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 (1956 का अधिनियम सं. 15) और

राजस्व वसूली अधिनियम, 1890 (1890 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 1) के उपबन्धों सहित इस अधिनियम के उपबन्धों के अनुसार वसूलीय होगी।

(4) जहां कर या मांग या उसके किसी भाग की वसूली रोक दी जाये वहां, ऐसे कर या मांग की अन्ततः बकाया पायी गयी रकम इस अधिनियम के उपबंधों के अनुसार ब्याज सहित वसूलीय होगी और ऐसा ब्याज ऐसी रकम पर, कर या मांग के प्रथम बार देय होने की तारीख से संदेय होगा।

(5) इस अधिनियम में अन्तर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, निम्नलिखित मामलों में मांग के संदाय के लिए दायित्व ऐसा होगा, जैसा विहित किया जाये:-

(i) मृत व्यक्ति के प्रतिनिधियों की दशा में; या

(ii) कारबार के विघटन/समापन/विभाजन की दशा में; या

(iii) कारबार के अन्तरण की दशा में; या

(iv) कम्पनियों का विलयन और समामेलन की दशा में; या

(v) मालिक और अभिकर्ता की दशा में; या

(vi) फर्मो और भागीदारों की दशा में; या

(vii) कम्पनियों के निदेशकों की दशा में।

34. कतिपय मामलों में राजस्व के संरक्षण के लिए अनंतिम कुर्की.- (1) जहां धारा 21 या धारा 22 या धारा 23 या धारा 35 के अधीन किन्हीं कार्यवाहियों के लम्बित रहने के दौरान आयुक्त का यह मत है कि सरकारी राजस्व के हित का संरक्षण करने के प्रयोजन के लिए ऐसा करना आवश्यक है तो वह लिखित आदेश द्वारा अनंतिम रूप से ऐसे व्यवहारी की संपत्ति, जिसके अंतर्गत बैंक खाता है, की ऐसी रीति से, जो विहित की जाए, कुर्की कर सकेगा।

(2) ऐसी प्रत्येक अनंतिम कुर्की का उप-धारा (1) के अधीन किये गये आदेश की तारीख से एक वर्ष की कालावधि के अवसान के पश्चात् प्रभाव नहीं रहेगा।

35. वसूली का ढंग.- (1) इस अधिनियम के अन्य उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, जहां इस अधिनियम के अधीन किसी व्यवहारी या किसी व्यक्ति द्वारा संदेय कोई भी कर या अन्य राशि इस अधिनियम या तद्धीन बनाये गये नियमों या जारी की गयी अधिसूचनाओं के उपबंधों के अनुसार

संदत्त नहीं की जाती है वहां वह भू-राजस्व की बकाया के रूप में वसूलीय होगी और निर्धारण प्राधिकारी या आयुक्त द्वारा प्राधिकृत कोई भी अन्य प्राधिकारी ऐसे व्यवहारी या व्यक्ति की जंगम या स्थावर संपत्ति की कुर्की और विक्रय करके ऐसे कर या अन्य राशि को वसूल करने के लिए सशक्त होगा और राजस्थान भू-राजस्व (संदाय, उधार, प्रतिदाय और वसूली) नियम, 1958 के साथ पठित राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 (1956 का अधिनियम सं. 15) के समस्त उपबंध, यथावश्यक परिवर्तनों सहित, लागू होंगे।

(2) उप-धारा (1) में अंतर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, निर्धारण प्राधिकारी या आयुक्त द्वारा प्राधिकृत कोई भी अन्य प्राधिकारी किसी भी समय या समय-समय पर, लिखित नोटिस देकर, जिसकी एक प्रति व्यवहारी को, उसके अंतिम ज्ञात पते पर भेजी जायेगी,-

(क) ऐसे किसी भी व्यक्ति से, जिससे कोई भी रकम ऐसे किसी व्यवहारी को देय हो या देय हो जाये जो निर्धारण प्राधिकारी द्वारा मांगे जाने पर शोध्य कर या अन्य राशि का संदाय करने में विफल रहा है; या

(ख) ऐसे किसी व्यक्ति से, जो ऐसे व्यवहारी के लिए या उसके मद्धे कोई भी धन धारित करता हो या तत्पश्चात् धारित करे,

सरकारी खजाने या राज्य सरकार की ओर से, जैसा विहित किया जाए, धन प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत बैंक में संदाय करने की अपेक्षा कर सकेगा।

(3) इस अधिनियम में अंतर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, आयुक्त, किसी व्यवहारी द्वारा इस निमित्त किये गये आवेदन पर और ऐसी जांच करवा लेने के पश्चात्, जो वह आवश्यक समझे, और ऐसा करने के अपने कारण लिखित में अभिलिखित करने के पश्चात्, इस अधिनियम के अधीन ऐसे व्यवहारी द्वारा संदेय ब्याज या शास्ति या दोनों की रकम कम या अधित्यजित कर सकेगा, यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि-

(i) व्यवहारी वित्तीय कठिनाई में है और मांग का पूरा संदाय करने की स्थिति में नहीं है; या

(ii) अन्यथा करने से व्यवहारी को वास्तविक कठिनाई होगी।

(4) उप-धारा (3) के अधीन किया गया प्रत्येक आदेश अंतिम होगा और किसी भी सिविल न्यायालय या किसी भी अन्य प्राधिकरण द्वारा प्रश्नगत नहीं किया जायेगा।

36. मांग को अपलिखित करने का अधिकार.- जहां किसी व्यवहारी के विरुद्ध केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 (1956 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 74) सहित इस अधिनियम के अधीन संदेय कोई मांग, ऐसी तारीख से, जिसको वह शोध्य हुई, ऐसी कालावधि के लिए जो विहित की जा सकेगी, से अधिक समय से बकाया है और ऐसी मांग, कुर्क किये जाने और विक्रीत किये जाने हेतु किसी भी प्रकार की संपत्ति के अभाव में अवसूलीय हो गयी है वहां मांगों को अपलिखित करने का उपबंध करने वाली अन्य विधि या नियमों के उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, ऐसी मांग, ऐसी रीति से जैसा विहित किया जाए, लिखित आदेश द्वारा अपलिखित की जा सकेगी।

37. कर का संपत्ति पर प्रथम प्रभार होना.- तत्समय प्रवृत्त किसी विधि में तत्प्रतिकूल किसी अन्य बात के अंतर्विष्ट होने पर भी, दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 (2016 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 31) में अन्यथा उपबंधित के सिवाय किसी व्यवहारी या किसी अन्य व्यक्ति द्वारा कर, ब्याज या शास्ति के लेखे संदेय कोई रकम, जिसके लिए वह सरकार को संदाय करने का दायी है, का ऐसे व्यवहारी या अन्य व्यक्ति की संपत्ति पर प्रथम प्रभार होगा।

38. कर का प्रतिदाय.- (1) जहां कोई भी रकम इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन किसी व्यवहारी को प्रतिदेय हो वहां निर्धारण प्राधिकारी या आयुक्त द्वारा प्राधिकृत अधिकारी, ऐसी रकम के निक्षेप के तथ्य का उसके द्वारा सम्यक् रूप से सत्यापन कर लेने के पश्चात्, ऐसे व्यवहारी या व्यक्ति को प्रतिदत्त की जाने वाली रकम का, या तो नकद संदाय करके, या किसी भी कर कालावधि के संबंध में देय कर या अन्य राशि के प्रति समायोजन करके ऐसे समय, रीति और ऐसी शर्तों के साथ, जो विहित की जाये, से प्रतिदाय करेगा।

(2) इस अधिनियम में अन्तर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, जहां कोई रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी कोई विवरणी फाईल करता है और भारत के राज्यक्षेत्र के बाहर निर्यात के अनुक्रम में विक्रयों के मद्धे प्रतिदाय का दावा करता है वहां निर्धारण प्राधिकारी या आयुक्त द्वारा प्राधिकृत अधिकारी ऐसे व्यवहारी से ऐसे दस्तावेज देने की अपेक्षा कर सकेगा जो विहित किये जायें और समाधान हो जाने पर ऐसे समय के भीतर-भीतर जैसा कि विहित किया जाये, व्यवहारी को नकद में प्रतिदाय मंजूर करेगा।

39. कतिपय मामलों में प्रतिभूति प्राप्त करने या प्रतिदाय रोकने की शक्ति.- जहां प्रतिदाय करने वाला कोई आदेश किसी अपील, पुनरीक्षण या अन्य कार्यवाही की विषय-वस्तु हो और ऐसी अपील, पुनरीक्षण या अन्य कार्यवाही अनुध्यात या लंबित हो और संबंधित अधिकारी या निर्धारण प्राधिकारी की लिखित में अभिलिखित किये जाने वाले कारणों से यह राय हो कि प्रतिदाय की मंजूरी से राज्य के राजस्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना संभाव्य है वहां उक्त अधिकारी या निर्धारण प्राधिकारी,

आयुक्त के पूर्व अनुमोदन से, या तो व्यवहारी या व्यक्ति को प्रतिदत्त की जाने वाली रकम के बराबर प्रतिभूति प्राप्त कर सकेगा या प्रतिदाय को ऐसे समय तक रोक सकेगा, जो आयुक्त अवधारित करे।

40. शास्ति.- (1) जहां कोई भी व्यक्ति इस अधिनियम में विनिर्दिष्ट या नियमों में विहित समय के भीतर-भीतर, इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन यथा-अपेक्षित रूप से स्वयं को रजिस्ट्रीकृत कराने के लिए कोई आवेदन करने में, युक्तियुक्त हेतुक के बिना, विफल हो गया है वहां निर्धारण प्राधिकारी या उसे रजिस्ट्रीकरण मंजूर करने के लिए सक्षम प्राधिकारी यह निदेश दे सकेगा कि ऐसा व्यक्ति दस हजार रुपये से अनधिक की राशि या अपवंचित कर के बराबर रकम, जो भी अधिक हो, शास्ति के रूप में संदत्त करेगा।

(2) जहां कोई व्यवहारी धारा 16 के उपबंधों के अधीन यथा-अपेक्षित लेखे, रजिस्टर और अभिलेख संधारित नहीं करता है, या अपने लेखे, रजिस्टर और अभिलेख धारा 16 के उपबंधों के अनुसार किसी स्थान पर नहीं रखता है वहां निर्धारण प्राधिकारी या आयुक्त द्वारा यथा-प्राधिकृत सहायक आयुक्त से अनिम्न रैंक का कोई भी अन्य अधिकारी, यह निदेश दे सकेगा कि ऐसा व्यक्ति दस हजार रुपये से अनधिक की राशि या अपवंचित कर के बराबर रकम, जो भी अधिक हो, शास्ति के रूप में संदत्त करेगा।

(3) जहां कोई भी व्यक्ति-

(क) जो इस अधिनियम के अधीन कोई रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी नहीं है या रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी होते हुए कर देने का दायी नहीं है, कर के रूप में कोई भी रकम संगृहीत करता है; या

(ख) जो कोई रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी है, उसके द्वारा संदेय कर से अधिक कोई भी रकम कर के रूप में संगृहीत करता है; या

(ग) जो इस अधिनियम के किन्हीं भी उपबंधों के उल्लंघन में कर अन्यथा संगृहीत करता है, वहां निर्धारण प्राधिकारी या आयुक्त द्वारा प्राधिकृत सहायक आयुक्त से अनिम्न रैंक का कोई भी अन्य अधिकारी,

इस प्रकार संगृहीत रकम को, आदेश द्वारा, समपहृत करेगा।

(4) जहां किसी भी व्यक्ति या व्यवहारी ने उप-धारा (3) के खण्ड (क), (ख) या (ग) में विनिर्दिष्ट रीति से कोई रकम संगृहीत की है, वहां निर्धारण प्राधिकारी या आयुक्त द्वारा प्राधिकृत

सहायक आयुक्त से अनिम्न रैंक का कोई भी अन्य अधिकारी ऐसे व्यक्ति या व्यवहारी को खण्ड (क), (ख) या (ग) के अधीन समपहृत रकम के अतिरिक्त, दस हजार रुपये से अनधिक की राशि या इस प्रकार संगृहीत कर के पचास प्रतिशत के बराबर की रकम, जो भी अधिक हो, शास्ति देने का निदेश दे सकेगा।

(5) जहां किसी व्यवहारी ने-

(क) उसके द्वारा दी गयी किसी विवरणी में माल के विक्रय का कराधेय आवर्त इस अधिनियम के अधीन यथा-विनिर्दिष्ट कर की दर के बजाय कर की निम्नतर दर पर प्रकट किया है या उसके द्वारा दी गयी विवरणी में उसने जानबूझकर अन्यथा गलत विशिष्टियां दी हों; या

(ख) इस अधिनियम के अधीन उसके दवारा संधारित किये जाने के लिए अपेक्षित अपने लेखाओं, रजिस्टरों या दस्तावेजों में विक्रय या क्रय के किसी भी संव्यवहार को, इस अधिनियम के अधीन यथाविनिर्दिष्ट कर की दर की अपेक्षा निम्नतर दर से समाविष्ट की हो; या

(ग) उसके द्वारा दी गयी किसी भी विवरणी से कोई भी विशिष्टियां छिपा ली हों; या

(घ) इस अधिनियम के अधीन उसके द्वारा संधारित किये जाने के लिए अपेक्षित अपने लेखाओं, रजिस्टरों या दस्तावेजों में विक्रय या क्रय के कोई भी संव्यवहार छिपाये हों; या

(ङ) इस अधिनियम की धारा 10 के अधीन यथा अपेक्षित स्वयं को रजिस्ट्रीकृत कराने में विफल रहता है और कर का परिवर्जन किया हो; या

(च) किसी भी अन्य रीति से कर का परिवर्जन या अपवंचन किया हो,

वहां निर्धारण प्राधिकारी या सहायक आयुक्त से अनिम्न रैंक का कोई अधिकारी, जिसे आयुक्त द्वारा प्राधिकृत किया जाये, सुने जाने का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात्, लिखित आदेश द्वारा, उस पर शास्ति द्वारा इस अधिनियम के अधीन उसके द्वारा संदेय कर के अतिरिक्त परिवर्जित या अपवंचित कर की रकम के दोगुने के बराबर राशि उस पर अधिरोपित करेगा।

(6) उप-धारा (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, जहां किसी व्यवहारी ने इनपुट कर

प्रत्यय गलत रूप से प्राप्त किया है वहां निर्धारण प्राधिकारी या आयुक्त द्वारा यथा-प्राधिकृत सहायक आयुक्त से अनिम्न रैंक का कोई भी अन्य अधिकारी इनपुट कर के ऐसे प्रत्यय को प्रतिवर्तित कर देगा और ऐसे व्यवहारी पर-

(क) ऐसे मामले में जिसमें ऐसा प्रत्यय मिथ्या या कूटरचित मूपक बीजक के आधार पर प्राप्त किया जाता है तो ऐसे गलत प्रत्यय की रकम के चार गुने के बराबर शास्ति; और

(ख) अन्य मामलों में, ऐसे गलत प्रत्यय की रकम के दोगुने के बराबर रकम, शास्ति के रूप में अधिरोपित करेगा।

(7) जहां कोई भी व्यक्ति या व्यवहारी इस अधिनियम के अधीन नियुक्त या गठित किसी भी अधिकारी या प्राधिकारी के द्वारा दिये गये किसी भी निदेश के अनुसरण में दिये जाने के लिए अपेक्षित आंकड़े या अन्य सूचना, अनुज्ञात समय के भीतर-भीतर, देने में विफल रहा हो वहां निर्धारण प्राधिकारी या आयुक्त द्वारा यथा-प्राधिकृत सहायक आयुक्त से अनिम्न रैंक का कोई भी अन्य अधिकारी यह निदेश दे सकेगा कि ऐसा व्यक्ति या व्यवहारी दस हजार रुपये से अनधिक की राशि शास्ति के रूप में संदत्त करेगा।

(8) जहां कोई भी व्यक्ति या व्यवहारी-

(i) इस अधिनियम के अधीन नियुक्त या प्राधिकृत या गठित, किसी भी अधिकारी या प्राधिकारी द्वारा दिये गये किसी निदेश का पालन करने में विफल रहता है; या

(ii) इस अधिनियम या तद्धीन बनाये गये नियमों के ऐसे किन्हीं भी उपबंधों का अतिक्रमण करता है जिसके लिए कोई विनिर्दिष्ट शास्ति, इस अधिनियम या नियमों के अधीन अन्यत्र उपबंधित नहीं की गयी है,

वहां निर्धारण प्राधिकारी या आयुक्त द्वारा यथा-प्राधिकृत सहायक आयुक्त से अनिम्न रैंक का कोई भी अन्य अधिकारी, यह निदेश दे सकेगा कि ऐसा व्यक्ति या व्यवहारी पच्चीस हजार रुपये से अनधिक की राशि शास्ति के रूप में संदत्त करेगा।

(9) इस अधिनियम के अधीन कोई भी शास्ति तब तक अधिरोपित नहीं की जायेगी जब तक कि संबंधित व्यवहारी या व्यक्ति को सुने जाने का युक्तियुक्त अवसर न दे दिया गया हो।

41. शास्ति के बदले अपराधों का शमन.- (1) इस अधिनियम में अन्तर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, धारा 33 की उप-धारा (5) या उप-धारा (6) के खण्ड (ख) के अधीन या धारा 35 की उप-धारा (7) या उप-धारा (13) के अधीन अपने द्वारा किये गये अपराध को स्वीकार करने वाले किसी व्यक्ति के द्वारा कोई आवेदन किये जाने पर निर्धारण प्राधिकारी या, यथास्थिति, प्राधिकृत अधिकारी ऐसे व्यक्ति से शास्ति के बदले, ऐसी रीति से जैसा कि विहित किया जाये,-

(क) धारा 35 की उप-धारा (7) या उप-धारा (13) के अधीन किये गये अपराध की दशा में अन्तर्वलित माल पर उदगृहणीय कर की चार गुनी रकम के या ऐसे माल के मूल्य की पच्चीस प्रतिशत के, इनमें से जो भी कम हो, बराबर होगा;

(ख) धारा 33 की उप-धारा (5) या उप-धारा (6) के खण्ड (ख) के अधीन किये गये अपराध की दशा में परिवर्जित या अपवंचित कर की रकम के बराबर,

शमन-रकम स्वीकार कर सकेगा।

(2) धारा 37 में अन्तर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, इस अधिनियम के अधीन किये गये अपराधों के शमन के आदेश के विरूद्ध कोई भी अपील नहीं हो सकेगी या अस्तित्व में नहीं रह सकेगी।

42. प्रवेश करने, लेखाओं और माल के निरीक्षण और अभिग्रहण की शक्ति और संचरण के दौरान माल का निरीक्षण.- (1) किसी निर्धारण प्राधिकारी या आयुक्त द्वारा, ऐसी शर्तों और निबंधनों के साथ, जो आयुक्त द्वारा विनिर्दिष्ट किये जायें, इस निमित्त प्राधिकृत सहायक आयुक्त से अनिम्न रैंक के किसी भी अधिकारी को-

(क) किसी व्यवहारी के कारबार के स्थान या किसी भी ऐसे अन्य स्थान का, जिसके बारे में ऐसे प्राधिकारी या अधिकारी को यह विश्वास हो कि ऐसे व्यवहारी द्वारा कारबार किया जा रहा है या लेखे रखे जा रहे हैं, निरीक्षण या सर्वेक्षण करने;

(ख) ऐसे व्यवहारी को, उसके कारबारी क्रियाकलापों से संबंधित लेखे, रजिस्टर और इलेक्ट्रानिक रूप में दस्तावेजों सहित दस्तावेज, परीक्षण के लिए प्रस्तुत करने का निदेश देने;

(ग) व्यवहारी के कब्जे में के या ऐसे व्यवहारी के निमित्त किसी भी अन्य व्यक्ति के कब्जे में के माल का, जहां कहीं ऐसा माल रखा जाता हो, निरीक्षण करने;

(घ) जहां कारबार से संबंधित तथ्यों के छिपाये जाने का संदेह हो वहां ऐसे स्थान की, वहां पाये गये व्यक्ति सहित, तलाशी करने;

(ङ) किन्हीं भी ऐसे परिसरों के दरवाजे को तोड़कर खोलने या किसी भी ऐसी अलमारी, संदूक, पात्र, जिसमें व्यवहारी के किसी भी माल, लेखाओं, रजिस्टरों या इलेक्ट्रानिक रूप में दस्तावेजों सहित दस्तावेजों के छिपाये जाने का संदेह हो, को तोड़कर खोलने, यदि ऐसे परिसरों में, अलमारी, संदूक, या पात्र तक प्रवेश न करने दिया जाये;

(च) व्यवहारी या उसके प्रबंधक, अभिकर्ता या नौकर के कथन अभिलिखित करने या किसी भी अभिलेख से उद्धरण लेने और लेखाओं, रजिस्टरों या दस्तावेजों पर और किसी दरवाजे, अलमारी, संदूक या पात्र पर पहचान चिह्न, लगाने,-

की शक्ति होगी।

स्पष्टीकरण.- ऐसे माल, लेखाओं, रजिस्टरों या दस्तावेजों के बारे में, जो किसी भी निरीक्षण या तलाशी के दौरान किसी व्यवहारी के कारबार के किसी भी स्थान पर पाये जायें, यह उपधारणा की जायेगी कि वे उसके कारबार से संबंधित हैं जब तक कि उसके द्वारा प्रतिकूल साबित नहीं कर दिया जाता।

(2) जहां कोई भी लेखे, रजिस्टर या इलेक्ट्रानिक रूप में दस्तावेजों सहित दस्तावेज, इस अधिनियम के अधीन की किसी भी कार्यवाही में किसी भी निर्धारण प्राधिकारी या सहायक आयुक्त से अनिम्न रैंक के किसी भी अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किये जायें तो ऐसा प्राधिकारी या अधिकारी, लेखबद्ध किये जाने वाले कारणों से, छह मास से अनधिक की किसी कालावधि के लिए उन्हें अपनी अभिरक्षा में परिबद्ध कर और रख सकेगा, और व्यवहारी या किसी भी ऐसे अन्य व्यक्ति को, जिसने ऐसे लेखे, रजिस्टर या इलेक्ट्रानिक रूप में दस्तावेजों सहित दस्तावेज प्रस्तुत किये हैं, उनकी एक रसीद देगा। व्यवहारी ऐसी प्रतिलिपि फीस का संदाय करने पर, जो विहित की जाये, ऐसे लेखाओं, रजिस्टरों या इलेक्ट्रानिक रूप में दस्तावेजों सहित दस्तावेजों की प्रति प्राप्त कर सकेगा। तथापि, ऐसी प्रति तब तक नहीं दी जा सकेगी जब तक कि व्यवहारी, इस अधिनियम या तद्धीन बनाये गये नियमों के उपबंधों के अधीन संधारित किये जाने के लिए अपेक्षित शेष लेखाओं, विवरणों, रजिस्टरों और इलेक्ट्रानिक रूप में दस्तावेजों सहित दस्तावेजों को, प्रस्तुत नहीं कर देता है।

(3) जहां निरीक्षण के समय, निर्धारण प्राधिकारी या आयुक्त द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत सहायक आयुक्त से अनिम्न रैंक के किसी भी अधिकारी के पास यह संदेह का कारण हो कि व्यवहारी कर का परिवर्जन या अपवंचन करने का प्रयत्न कर रहा है या किसी भी रीति से अपने कर-दायित्व

को छिपा रहा है वहां वह, लेखबद्ध किये जाने वाले कारणों से, व्यवहारी के ऐसे लेखाओं, रजिस्टरों या इलेक्ट्रानिक रूप में दस्तावेजों सहित दस्तावेजों को अभिगृहीत कर सकेगा, जिन्हें वह आवश्यक समझे और व्यवहारी या किसी भी अन्य व्यक्ति को, जिसकी अभिरक्षा से ऐसे लेखे, रजिस्टर या दस्तावेज अभिगृहीत किये जाते हैं, उनकी एक रसीद देगा और उन्हें परीक्षण, जांच, अभियोजन या अन्य विधिक कार्यवाही के लिए, छह मास से अनधिक की किसी कालावधि के लिए अपनी अभिरक्षा में रख सकेगा। व्यवहारी, ऐसी प्रतिलिपि फीस का संदाय करने पर, जो विहित की जाये, अभिगृहीत अभिलेख की प्रतिलिपि अभिप्राप्त कर सकेगा। तथापि, ऐसी प्रति तब तक नहीं दी जा सकेगी जब तक कि व्यवहारी, इस अधिनियम या तद्धीन बनाये गये नियमों के उपबंधों के अधीन संधारित किये जाने के लिए अपेक्षित शेष लेखाओं, विवरणों, रजिस्टरों और इलेक्ट्रानिक रूप में दस्तावेजों सहित दस्तावेजों को, प्रस्तुत नहीं कर देता है।

(4) उप-धारा (2) के अधीन परिबद्ध या उप-धारा (3) के अधीन अभिगृहीत लेखे, रजिस्टर या इलेक्ट्रानिक रूप में दस्तावेजों सहित दस्तावेज ऐसे प्राधिकारी या अधिकारी द्वारा, आयुक्त या आयुक्त द्वारा प्राधिकृत अपर आयुक्त की लिखित अनुज्ञा अभिप्राप्त कर लेने के पश्चात्, छह मास की कालावधि से परे भी और परिबद्ध या, यथास्थिति, अभिग्रहण करने की तारीख से अधिकतम दो वर्ष की किसी कालावधि तक, रखे जा सकेंगे।

(5) निर्धारण प्राधिकारी या उप-धारा (1) के अधीन आयुक्त द्वारा प्राधिकृत सहायक आयुक्त से अनिम्न रैंक का कोई भी अन्य अधिकारी कर के दायी ऐसे किसी भी माल को अभिगृहीत कर सकेगा जो किसी व्यवहारी के कब्जे में या ऐसे व्यवहारी के निमित्त किसी भी अन्य व्यक्ति के कब्जे में पाया जाये और जिसका उसके कारबार के अनुक्रम में संधारित उसके लेखाओं, रजिस्टरों या इलेक्ट्रानिक रूप में दस्तावेजों सहित दस्तावेजों में लेखा-जोखा नहीं दिया हुआ हो और इस प्रकार अभिगृहीत माल की सूची ऐसे प्राधिकारी या अधिकारी द्वारा तैयार की जायेगी और उसकी प्रतिलिपि व्यवहारी या किसी भी ऐसे अन्य व्यक्ति को दी जायेगी जिसकी अभिरक्षा से ऐसा माल अभिगृहीत किया जाता है।

(6) जहां उप-धारा (4) के अधीन लेखाओं, रजिस्टरों या दस्तावेजों या उप-धारा (5) के अधीन माल को अभिगृहीत करना साध्य नहीं हो, वहां निर्धारण प्राधिकारी या संबंधित अधिकारी स्वामी या ऐसे व्यक्ति पर, जिसका उन पर अव्यवहित कब्जा या नियन्त्रण है, यह आदेश तामील कर सकेगा कि वह ऐसे प्राधिकारी या अधिकारी की पूर्व अनुज्ञा के बिना उन्हें न तो हटायेगा, न अलग करेगा और न

ही अन्यथा व्यवहार करेगा जो, ऐसा आदेश तामील करने के पश्चात्, ऐसी कार्यवाही कर सकेगा जो परिस्थितियों के अधीन आवश्यक समझी जाये।

(7) निर्धारण प्राधिकारी या उप-धारा (1) में निर्दिष्ट अधिकारी, व्यवहारी को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् तथा ऐसी और जांच कर लेने के पश्चात्, जो वह ठीक समझे, लेखा-जोखा रहित माल के कब्जे के लिए, चाहे वह उप-धारा (5) के अधीन अभिगृहीत किया गया हो या नहीं, उस पर, ऐसे माल पर उद्ग्रहणीय कर की पांच गुना रकम के या ऐसे माल के मूल्य के तीस प्रतिशत के, इनमे से जो भी कम हो, बराबर शास्ति अधिरोपित कर सकेगा और ऐसा प्राधिकारी या अधिकारी माल को, यदि अभिगृहीत किया गया हो तो, अधिरोपित शास्ति के संदाय पर या उसके संदाय के लिए ऐसी प्रतिभूति प्रस्तुत करने पर, जो वह आवश्यक समझे, निर्मुक्त कर सकेगा।

(8) जहां कोई भी माल राजस्थान राज्यक्षेत्र के भीतर संचलन में हो, वहां निर्धारण प्राधिकारी या आयुक्त द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत कोई अधिकारी अपनी अधिकारिता के भीतर के किसी भी स्थान पर, ऐसे माल को ले जाने वाले यान या वाहक या व्यक्ति को निरीक्षण के लिए रोक सकेगा, जैसा इस संबंध में अधिसूचित किया जाये।

(9) किसी यान या वाहक या संचलन में के माल के ऐसे स्वामी या ड्राइवर या प्रभारी व्यक्ति द्वारा सम्यक् रूप से प्राधिकृत स्वामी या कोई व्यक्ति-

(क) यान या वाहक को उप-धारा (8) के अधीन प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अनुदेशित किये जाने पर जांच के लिए रोकेगा;

(ख) "चालानों" और "बिल्टियों" सहित माल यान का अभिलेख, बीजक, विहित घोषणा प्ररूप, और विक्रय के बिल या डिस्पैच मेमो अपने साथ ले जायेगा;

(ग) माल से संबंधित विहित घोषणा प्ररूपों सहित सभी दस्तावेज उप-धारा (8) के अधीन प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करेगा;

(घ) माल से संबंधित अपने कब्जे में की सारी सूचना देगा; और

(ङ) उप-धारा (8) के अधीन प्राधिकृत अधिकारी द्वारा माल का निरीक्षण अनुज्ञात करेगा।

स्पष्टीकरण.- इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए, 'संचलन में का माल', से अभिप्रेत है-

(i) ऐसा माल, जो किसी परिवहन अभिकरण या व्यक्ति या अन्य ऐसे उपनिहिती के कब्जे या नियंत्रण में है;

(ii) ऐसा माल, जो ऐसे माल के स्वामी के यान या वाहक में लाया जा रहा है; और

(iii) ऐसा माल, जो किसी व्यक्ति द्वारा ले जाया जा रहा है।

(10) जहां छूट प्राप्त माल से भिन्न संचलन में का कोई भी माल, दस्तावेजों के बिना हो, या बीजकों, "चालान" और "बिल्टी" सहित माल यान अभिलेख, विहित घोषणा प्ररूप और विक्रय के बिल या डिस्पैच मेमो या इलेक्ट्रानिक रूप में दस्तावेजों सहित दस्तावेज से समर्थित नहीं हो या प्रस्तुत किये गये दस्तावेज मिथ्या या कूटरचित प्रतीत हों वहां निर्धारण प्राधिकारी या उप-धारा (8) के अधीन प्राधिकृत अधिकारी-

(क) यान या वाहक के या माल के स्वामी या ऐसे स्वामी द्वारा सम्यक् रूप से प्राधिकृत व्यक्ति या ड्राइवर या प्रभारी व्यक्ति को, कोई सत्यापन किये जाने तक या कोई जांच किये जाने तक, जिसमें सात दिन से अधिक समय नहीं लगेगा, पुनर्परिवहन या पुनर्बुकिंग के सहित माल के किसी भी रीति से अलग नहीं किये जाने का निदेश दे सकेगा;

(ख) माल को, लेखबद्ध किये जाने वाले कारणों से, अभिगृहीत कर सकेगा और ऐसे व्यक्ति को माल की रसीद देगा जिसके कब्जे या नियंत्रण से वह अभिगृहीत किया गया है;

(ग) खण्ड (ख) के अधीन अभिगृहीत माल को माल के स्वामी या ऐसे स्वामी द्वारा सम्यक् रूप से प्राधिकृत किसी भी व्यक्ति के लिए कार्यवाही के दौरान, निर्मुक्त कर सकेगा:-

(i) यदि उप-धारा(13) के अधीन यथाउपबंधित शास्ति जमा करा दी गयी है; या

(ii) यदि माल के प्राक्कलित मूल्य के बराबर की रकम की पर्याप्त प्रतिभूति प्रस्तुत कर दी जाती है।

(11) यदि कोई परिवाहक ऐसे समय के भीतर, जो विनिर्दिष्ट किया जाये, माल भेजने वाले, माल पाने वाले या माल के बारे में उप-धारा (9) के खण्ड (घ) के अधीन उससे यथा-अपेक्षित जानकारी देने में विफल रहता है या मिथ्या या कूटरचित दस्तावेजों के साथ माल का परिवहन करता

है तो उप-धारा (13) के अधीन शास्ति अधिरोपित करने के अलावा यह उपधारणा की जायेगी कि इस प्रकार परिवहन किये गये माल का उसके द्वारा राजस्थान राज्य में विक्रय किया गया है और वह इस अधिनियम के अधीन उस माल के लिए व्यवहारी समझा जायेगा।

(12) इस अधिनियम के उपबन्ध, कर के उद्ग्रहण, संग्रहण और निर्धारण, ब्याज के अवधारण और कर और ब्याज के संदाय और वसूली, अपील, पुनर्विलोकन या पुनरीक्षण के प्रयोजन के लिए उप-धारा (11) के अधीन व्यवहारी समझे गये परिवाहक पर लागू होंगे।

(13) उप-धारा (8) के अधीन प्राधिकृत अधिकारी माल के स्वामी को या ऐसे स्वामी द्वारा लिखित में सम्यक रूप से प्राधिकृत व्यक्ति या माल के प्रभारी व्यक्ति को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात् और ऐसी जांच करने के पश्चात्, जो वह उचित समझे, माल के कब्जे या संचलन के लिए, चाहे वह अभिगृहीत किया गया हो या नहीं, इस अधिनियम के उपबंधों के उल्लंघन में या मिथ्या या कूटरचित दस्तावेज या घोषणा प्रस्तुत करने के लिए, ऐसे माल के मूल्य के तीस प्रतिशत के बराबर शास्ति ऐसी रीति से, जो विहित की जाए, अधिरोपित करेगा।

43. व्यक्तियों को साक्ष्य देने और दस्तावेज प्रस्तुत करने के समन करने की शक्ति.- (1) निर्धारण प्राधिकारी या इस अधिनियम के अधीन प्राधिकृत अधिकारी को किसी व्यक्ति को समन करने की, जिसकी उपस्थिति को किसी जांच में वह साक्ष्य देने के लिए या किसी दस्तावेज या किसी वस्तु को प्रस्तुत करने के लिए वह आवश्यक समझता है, उसी रीति से शक्ति होगी जो सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का केन्द्रीय अधिनियम सं.5) के उपबंधों के अधीन किसी सिविल न्यायालय को दी गयी है।

(2) उप-धारा (1) में निर्दिष्ट ऐसी प्रत्येक जांच को भारतीय न्याय संहिता, 2023 (2023 का केन्द्रीय अधिनियम सं. 45) की धारा 229 और धारा 267 के अर्थान्तर्गत 'न्यायिक कार्यवाहियां' समझा जायेगा।

44. अपील प्राधिकारी को अपील.- (1) धारा 40 के अध्यधीन रहते हुए, किसी संयुक्त आयुक्त, किसी उप-आयुक्त, या किसी सहायक आयुक्त के किसी भी आदेश के विरुद्ध कोई अपील, अपील प्राधिकारी को होगी।

(2) अपील फाईल करने की समय सीमा और अपील प्राधिकारी को प्रस्तुत की जाने वाली अपील की रीति ऐसी होगी जो विहित की जाये।

(3) अपील प्राधिकारी, किसी भी अपील का निपटारा करने से पूर्व, ऐसी और जांच कर सकेगा, जो वह ठीक समझे, या निर्धारण प्राधिकारी या अधिकारी को, जिसके आदेश के विरुद्ध अपील की गयी है, और जांच करने और अपील प्राधिकारी को उसके परिणाम की रिपोर्ट करने का निदेश दे सकेगा और अपील का निपटारा करने में उक्त प्राधिकारी,-

(क) निर्धारण, ब्याज या शास्ति के किसी आदेश के मामले में,-

(i) निर्धारण, ब्याज या शास्ति को पुष्ट कर सकेगा, बढ़ा सकेगा, कम या बातिल कर सकेगा; या

(ii) निर्धारण, ब्याज या शास्ति के आदेश को अपास्त कर सकेगा और निर्धारण प्राधिकारी को, ऐसी और जांच करने के पश्चात्, जो निदिष्ट की जाये, नया आदेश पारित करने का निदेश दे सकेगा; और

(ख) किसी भी अन्य आदेश के मामले में, ऐसे आदेश को पुष्ट, रद्द, फेरफारित या प्रतिप्रेषित कर सकेगा।

(4) उप-धारा (1) के अधीन कोई अपील तब तक फाइल नहीं की जायेगी जब तक कि अपीलार्थी ने-

(क) आक्षेपित आदेश से उद्भूत कर, ब्याज, जुर्माना, फीस और शास्ति की रकम के ऐसे भाग का पूर्ण रूप से संदाय नहीं किया हो, जैसा उसके द्वारा स्वीकारा जाए;

और

(ख) उक्त आदेश, जिसके संबंध में अपील फाइल की गयी है, से उद्भूत विवाद में कर की शेष रकम के दस प्रतिशत के बराबर राशि, अधिकतम पच्चीस करोड़ रुपये के अध्यधीन रहते हुए, का संदाय नहीं किया हो:

परन्तु धारा 35 की उप-धारा (13) के अधीन किसी आदेश के विरुद्ध कोई अपील फाइल नहीं की जायेगी, जब तक कि अपीलार्थी द्वारा शास्ति की पच्चीस प्रतिशत के बराबर राशि संदत्त नहीं कर दी गयी हो।

(5) जहां अपीलार्थी उप-धारा (4) के अधीन रकम संदत्त कर चुका है वहां शेष रकम की वसूली कार्यवाहियां अपील के निपटारे तक स्थगित की गयी समझी जाऐंगी।

45. बोर्ड को अपील.- (1) निम्नलिखित के विरुद्ध कोई अपील, बोर्ड को होगी-

(क) धारा 41 की उप-धारा (1) या उप-धारा (5) के अधीन आयुक्त द्वारा पारित कोई आदेश;

(ख) अपील प्राधिकारी द्वारा पारित कोई आदेश।

(2) उप-धारा (1) में निर्दिष्ट किसी भी आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति ऐसी तारीख से नब्बे दिन के भीतर-भीतर बोर्ड के समक्ष कोई अपील फाइल कर सकेगा जिसको, वह आदेश, जिसके विरुद्ध अपील का किया जाना ईप्सित है, उसे लिखित रूप से संसूचित किया जाये।

(3) उप-धारा (2) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, आयुक्त या आयुक्त द्वारा विशेष रूप से या साधारण रूप से प्राधिकृत कोई अपर आयुक्त (प्रशासन), यदि उप-धारा (1) में निर्दिष्ट किसी भी आदेश से व्यथित हो तो, किसी भी अधिकारी को बोर्ड के समक्ष कोई अपील फाइल करने का निदेश दे सकेगा और ऐसा अधिकारी, ऐसी तारीख से एक सौ अस्सी दिन के भीतर-भीतर अपने हस्ताक्षरों से ऐसी अपील फाइल करेगा, जिसको वह आदेश, जिसके विरुद्ध अपील का किया जाना ईप्सित है, आयुक्त या अपर आयुक्त को लिखित रूप से संसूचित किया जाये।

(4) प्रत्यर्थी, यह नोटिस प्राप्त होने पर कि उप-धारा (1) में निर्दिष्ट किसी आदेश के विरुद्ध कोई अपील अपीलार्थी द्वारा फाइल कर दी गयी है, इस बात के होने पर भी कि उसने ऐसे आदेश के विरुद्ध अपील नहीं की है, नोटिस की प्राप्ति के, वाणिज्य कर विभाग के किसी अधिकारी के मामले में, एक सौ बीस दिन के भीतर-भीतर और किसी व्यवहारी के मामले में, साठ दिन के भीतर-भीतर, उक्त निर्दिष्ट आदेश के किसी भी भाग के विरुद्ध, विहित रीति से सत्यापित, प्रत्याक्षेपों का कोई ज्ञापन फाइल कर सकेगा और ऐसा ज्ञापन, बोर्ड द्वारा इस प्रकार निपटाया जायेगा मानो वह उप-धारा (2) या (3) में विनिर्दिष्ट समय के भीतर की कोई अपील हो।

(5) उप-धारा (1) के अधीन कोई अपील तब तक फाइल नहीं की जायेगी, जब तक कि अपीलार्थी ने-

(क) आक्षेपित आदेश से उद्भूत कर, ब्याज, जुर्माना, फीस और शास्ति की रकम के

ऐसे भाग का पूर्ण रूप से संदाय नहीं किया हो जैसा उसके द्वारा स्वीकारा जाए;

और

(ख) उक्त आदेश, जिसके संबंध में अपील फाइल की गयी है, से उद्भूत विवाद में कर की शेष रकम के बीस प्रतिशत के बराबर राशि, अधिकतम पचास करोड़ रूपये के अध्यधीन रहते हुए, का संदाय नहीं किया हो।

(6) जहां अपीलार्थी उप-धारा (5) के अधीन रकम संदत्त कर चुका है, वहां शेष रकम की वसूली कार्यवाहियां अपील के निपटारे तक स्थगित की गयी समझी जाऐंगी।

(7) बोर्ड, परिसीमा की समाप्ति के पश्चात् कोई अपील ग्रहण कर सकेगा या प्रत्याक्षेपों के ज्ञापन का फाइल किया जाना अनुज्ञात कर सकेगा, यदि उसका यह समाधान कर दिया जाये कि उन्हें उस परिसीमा के भीतर-भीतर फाइल नहीं किये जाने का पर्याप्त कारण था।

(8) बोर्ड को कोई अपील विहित प्ररूप में की जायेगी और विहित रीति से सत्यापित की जायेगी।

(9) बोर्ड, अपील के दोनों ही पक्षकारों को सुनवाई का अवसर देने के पश्चात्, उस पर ऐसा आदेश पारित करेगा जो वह ठीक समझे और उसकी एक-एक प्रति अपीलार्थी, निर्धारण प्राधिकारी, ऐसे प्राधिकारी, जिसके आदेश के विरुद्ध अपील की गयी थी, और आयुक्त को भेजेगा।

46. उच्च न्यायालय को पुनरीक्षण.- (1) धारा 38 की उप-धारा (9) या धारा 24 की उप-धारा (1) के अधीन बोर्ड द्वारा पारित किसी आदेश से व्यथित कोई भी व्यवहारी ऐसे आदेश की तामील की तारीख से नब्बे दिन के भीतर-भीतर, ऐसे आदेश के पुनरीक्षण के लिए, विहित फीस के साथ, विहित प्ररूप में उच्च न्यायालय को इस आधार पर आवेदन कर सकेगा कि उसमें विधि का कोई प्रश्न अन्तर्वलित है।

(2) आयुक्त, यदि वह धारा 38 की उप-धारा (9) या धारा 24 की उप-धारा (1) के अधीन बोर्ड द्वारा पारित किसी भी आदेश से व्यथित हो तो, किसी भी अधिकारी को, ऐसे आदेश के पुनरीक्षण के लिए इस आधार पर कि उसमें विधि का कोई प्रश्न अन्तर्वलित है, उच्च न्यायालय को आवेदन करने का निदेश दे सकेगा और ऐसा अधिकारी ऐसी तारीख से एक सौ अस्सी दिन के भीतर-भीतर उच्च न्यायालय को आवेदन करेगा, जिसको पुनरीक्षित किये जाने के लिए ईप्सित आदेश आयुक्त को लिखित रूप में संसूचित किया जाये।

(3) उप-धारा (1) या उप-धारा (2) के अधीन पुनरीक्षण के लिए आवेदन में पुनरीक्षित किये जाने के लिए ईप्सित आदेश में अन्तर्वलित विधि के प्रश्न का कथन होगा और उच्च न्यायालय विधि के प्रश्न को किसी भी रूप में निश्चित कर सकेगा या कोई भी विधि का अन्य प्रश्न उठाने की अनुज्ञा दे सकेगा।

(4) उच्च न्यायालय, पुनरीक्षण के पक्षकारों की सुनवाई करने के पश्चात्, उसे कथित किये गये या उसके द्वारा निश्चित किये गये विधि के प्रश्न का विनिश्चय करेगा और तत्पश्चात् ऐसा आदेश पारित करेगा जो मामले को निपटाने के लिए आवश्यक हो।

47. कतिपय मामलों में किसी अपील या पुनरीक्षण का नहीं होना.- धारा 37, 38 और 39 में अन्तर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, कोई भी अपील या पुनरीक्षण,-

(क) कथन अभिलिखित करने सहित निर्धारण के प्रयोजन के लिए या किसी भी अन्य प्रयोजन के लिए इस अधिनियम के अधीन जारी किये गये किसी नोटिस या समन; या

(ख) कतिपय लेखे संधारित करने या कतिपय सूचना, विवरण, आंकडे या विवरणी देने के किसी निदेश; या

(ग) लेखाओं, रजिस्टरों या दस्तावेजों के परिबद्ध, अभिग्रहण या प्रतिधारण करने के किसी आदेश; या

(घ) निर्धारण या अन्य कार्यवाही में पारित किसी अन्तरिम आदेश, तथापि, इस बात के अध्यधीन रहते हुए कि ऐसे अन्तरिम आदेश को अंतिम आदेश के विरुद्ध की गयी किसी भी अपील या पुनरीक्षण में आक्षेपित करने के लिए व्यथित पक्षकार स्वतंत्र होगा; या

(ङ) धारा 41 की उप-धारा (3), (6), (7), (8) और (9) के अधीन आयुक्त द्वारा निश्चित किये गये किन्हीं भी दिशा-निर्देशों, जारी किये अनुदेशों, दिये गये निदेशों या पारित किये गये आदेशों,

के विरुद्ध नहीं होगा।

48. आयुक्त की शक्तियां.- (1) (i) जहां न्यायालय के समक्ष किसी भी कार्यवाही से अन्यथा या धारा 21, 22 और 23 के अधीन किसी भी कार्यवाही में, कोई भी ऐसा प्रश्न उत्पन्न हो आया कि इस अधिनियम के प्रयोजन के लिए-

(क) कोई व्यक्ति कोई व्यवहारी है; या

(ख) किसी व्यवहारी विशेष को रजिस्ट्रीकृत किया जाना अपेक्षित है; या

(ग) कोई भी संव्यवहार कोई विक्रय है और यदि ऐसा है तो उसकी विक्रय कीमत क्या है; या

(घ) किसी भी विक्रय या क्रय विशेष के संबंध में कोई भी कर संदेय है या यदि कर संदेय है तो उसका बिन्दु और दर क्या है; या

(ङ) किसी भी माल के संबंध में की गयी कोई बात विशेष जो माल के विनिर्माण की कोटि में आती है या उसमें परिणित होती है; या

(च) कोई व्यवहारी इनपुट कर प्रत्यय की किसी भी विशिष्ट रकम का हकदार है,

वहां आयुक्त स्वप्रेरणा से या विहित रीति से फाइल किये गये आवेदन पर, ऐसे प्रश्न को अवधारित करने का कोई आदेश करेगा।

(ii) जहां ऐसा कोई भी प्रश्न इस अधिनियम के अधीन पहले से पारित किसी भी आदेश से उत्पन्न हो वहां ऐसा कोई भी प्रश्न इस धारा के अधीन अवधारित किये जाने के लिए स्वीकार नहीं किया जायेगा किन्तु ऐसा प्रश्न संबंधित पक्षकार द्वारा ऐसे आदेश के विरुद्ध अपील में या पुनरीक्षण के रूप में उठाया जा सकेगा।

(iii) खण्ड (i) के अधीन आयुक्त निदेश दे सकेगा कि अवधारण से इस अधिनियम के अधीन किसी भी व्यक्ति के दायित्व पर, अवधारण के पूर्व किये गये किसी भी विक्रय या क्रय के संबंध में प्रभाव नहीं पडेगा।

(iv) जहां खण्ड (i) में पारित आयुक्त का कोई आदेश किसी भी रूप में अपील या पुनरीक्षण में उपान्तरित कर दिया जाये, वहां उपान्तरित आदेश ऐसी अपील या पुनरीक्षण में पारित किये गये आदेश की तारीख से प्रभावी होगा।

(2) (i) आयुक्त स्वप्रेरणा से या किसी व्यवहारी द्वारा आवेदन फाइल करने पर इस अधिनियम के अधीन किसी भी मामले को एक अधिकारी या प्राधिकारी से अन्य अधिकारी या प्राधिकारी को निम्नलिखित आधारों पर अंतरित कर सकेगा, अर्थात्:-

(क) अधिकारिता का विवाद; या

(ख) न्याय हानि की आशंका; या

(ग) कारबारी सुविधा।

(ii) खण्ड (i) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होने पर भी, आयुक्त या उसके द्वारा इस निमित प्राधिकृत कोई अन्य अधिकारी, किसी भी समय, प्रशासनिक कारणों से, कोई भी मामला या मामले संबंधित व्यवहारी या व्यवहारियों को कोई भी नोटिस दिये बिना, एक अधिकारी या प्राधिकारी से अन्य अधिकारी या प्राधिकारी को अन्तरित कर सकेगा।

स्पष्टीकरण.- इस धारा के अधीन किसी भी व्यवहारी के संबंध में शब्द 'मामला' से ऐसी कोई भी कार्यवाही अभिप्रेत होगी जो खण्ड (i) के अधीन किये गये आदेश की तारीख को इस अधिनियम के अधीन लंबित हो या जो ऐसी तारीख को या उसके पूर्व पूरी हो गयी होती या जो ऐसी तारीख के पश्चात् प्रारम्भ हो।

(3) किसी व्यवहारी द्वारा फाइल किये गये आवेदन पर आयुक्त कारणों को लेखबद्ध करते हुए संदाय के लिए समय का विस्तार कर सकेगा या इस अधिनियम के अधीन किसी व्यवहारी द्वारा किसी विवरणी में स्वत: निर्धारित दायित्व के अनुसार शोध्य रकम से भिन्न संदाय को धारा 14 के अधीन ब्याज के संदाय के अध्यधीन रहते हुए ऐसी शर्तों और परिसीमाओं, जो विहित की जायें, के अध्यधीन रहते हुये चौबीस से अनधिक मासिक किस्तों में संदाय करने के लिए अनुज्ञात कर सकेगा:

परन्तु जहां किसी नियत तारीख को किसी एक किस्त के संदाय में कोई व्यतिक्रम होता है तो ऐसी तारीख को संदेय समस्त बकाया शोध्य हो जायेगा और तुरन्त संदेय होगा तथा बिना और किसी सूचना के ऐसे व्यवहारी पर तामील किये बिना वसूली का दायी होगा।

(4) आयुक्त, यदि वह यह समझता कि ऐसा किया जाना आवश्यक है, अधिसूचना द्वारा इस अधिनियम द्वारा या के संबंध में किये गये किसी मामले से संबंधित सांख्यिकी का संग्रहण करने का निदेश दे सकेगा। ऐसी अधिसूचना जारी होने पर, आयुक्त या उसके द्वारा इस निमित्त प्राधिकृत कोई व्यक्ति, ऐसे प्ररूप में और ऐसी रीति से, जो विहित की जाये, ऐसे किसी मामले से संबंधित, जिसके संबंध में, सांख्यिकियों का संग्रहण किया जाना है, ऐसी सूचना या विवरणी देने के लिए संबंधित व्यक्ति को बुला सकेगा।

(5) (i) आयुक्त स्वप्रेरणा से या अन्यथा इस अधिनियम के अधीन की किसी भी कार्यवाही का अभिलेख मंगा सकेगा और उसकी परीक्षा कर सकेगा और यदि उसका यह विचार हो कि अपर आयुक्त, संयुक्त आयुक्त, उप-आयुक्त और सहायक आयुक्त द्वारा उसमें पारित कोई भी आदेश या तो गलत है या राज्य राजस्व के हित के प्रतिकूल है, वह ऐसी जांच करने या कराने के पश्चात्, जो वह आवश्यक समझे, और व्यवहारी को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर देने के पश्चात्, ऐसा आदेश

पारित कर सकेगा या ऐसा निदेश जारी कर सकेगा, जो वह मामले की परिस्थितियों के अधीन उचित समझे।

(ii) खण्ड (i) के अधीन कोई भी आदेश या निदेश आयुक्त द्वारा पारित या जारी नहीं किया जायेगा यदि ऐसी तारीख से पांच वर्ष की कालावधि पहले ही बीत गयी हो, जिसको पुनरीक्षित किये जाने के लिए ईप्सित आदेश पारित किया गया था।

(6) आयुक्त, इस अधिनियम के निष्पादन में नियोजित समस्त अधिकारियों और व्यक्तियों को समय-समय पर ऐसे आदेश, अनुदेश और निदेश जारी कर सकेगा जिसे वह इस अधिनियम के प्रशासन के लिए ठीक समझे और ऐसे समस्त अधिकारी और व्यक्ति आयुक्त के ऐसे आदेशों, निर्देशों और निदेशों का पालन और अनुसरण करेंगे।

(7) शासकीय उपयोग के प्रयोजनों के लिए आयुक्त, किसी भी समाचार पत्र में या ऐसी अन्य रीति से, जो वह उचित समझे, नोटिस देकर सभी व्यवहारियों से या व्यवहारियों के किसी भी वर्ग से या व्यक्तियों से ऐसी सूचना, विवरण या विवरणी देने की अपेक्षा कर सकेगा, जो इस निमित जारी किये गये नोटिस में विनिर्दिष्ट की जाये।

(8) उप-धारा (6) के अधीन जारी किये गये ऐसे कोई भी आदेश, अनुदेश या निदेश जारी नहीं किये जायेंगे जो किसी अपील प्राधिकारी के उसके अपीलीय कृत्यों के प्रयोग के विवेकाधिकार में हस्तक्षेप करते हों।

(9) पूर्वगामी शाक्ति की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, आयुक्त स्वप्रेरणा से या इस अधिनियम के अधीन कर संदत्त करने के लिए दायी किसी रजिस्ट्रीकृत व्यवहारी द्वारा आवेदन करने पर, निर्धारणों और राजस्व के संग्रहण के कार्य में एकरूपता बनाये रखने के प्रयोजन के लिए, यदि वह ऐसा करना आवश्यक और समीचीन समझता है तो इस अधिनियम के अधीन दायी माल के संबंध में इस अधिनियम के अधीन संदेय कर की दर स्पष्ट कर सकेगा और इस अधिनियम के निष्पादन में नियोजित समस्त अधिकारी और व्यक्ति ऐसे स्पष्टीकरण का पालन और अनुसरण करेंगे।

(10) उप-धारा (9) के अधीन ऐसा कोई भी आवेदन तब तक ग्रहण नहीं किया जायेगा जब तक कि इसके साथ ऐसी फीस, जो ऐसी रीति से, जो विहित की जाये, संदत्त की जाये के संदाय का सबूत संलग्न न हो।

49. राज्य सरकार की शक्ति.- (1) राज्य सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, निदेश दे सकेगी कि ऐसी शर्तों, यदि कोई हों, के अध्यधीन रहते हुए, जो अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की जायें, इस

अधिनियम के अधीन निर्धारण प्राधिकारी द्वारा प्रयोग की जाने वाली किसी शाक्ति का प्रयोग राज्य सरकार के ऐसे अधिकारी द्वारा किया जा सकेगा, जो अधिसूचना में विनिर्दिष्ट किया जाये।

(2) (i) राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा,-

(क) माल;

(ख) व्यक्ति या व्यक्तियों का वर्ग, जो ऐसे माल को रखता है या उसमें व्यवहार करता है,

को, जिन्हें इस उप-धारा के उपबंध लागू होंगे, विनिर्दिष्ट कर सकेगी।

(ii) राज्य सरकार, खण्ड (i) के उप-खंड (क) में के निर्दिष्ट माल के संबंध में,-

(क) ऐसे व्यक्तियों के माध्यम से, जो विहित किये जाएं, विशिष्ट पहचान चिन्हांकन चिपकाने में और इलेक्ट्रानिक भंडारण के लिए और उसमें अन्तर्विष्ट सूचना तक पहुंच को समर्थ बनाने के लिए, किसी प्रणाली का उपबंध कर सकेगी; और

(ख) ऐसे माल के लिए विशिष्ट पहचान चिन्हांकन को विहित कर सकेगी, जिसके अन्तर्गत उसमें अभिलिखित की जाने वाली सूचना भी सम्मिलित है।

(iii) खण्ड (i) में निर्दिष्ट व्यक्ति,-

(क) उक्त माल या उसके पैकेजों पर ऐसी सूचना को अन्तर्विष्ट करते हुए और ऐसी रीति से कोई विशिष्ट पहचान चिन्हांकन चिपकायेंगे;

(ख) ऐसे समय के भीतर ऐसी जानकारी और ब्यौरे प्रस्तुत करेंगे और ऐसे प्ररूप में और ऐसी रीति से ऐसे अभिलेख और दस्तावेज संधारित करेंगे;

(ग) ऐसे माल, जिसके अन्तर्गत पहचान, क्षमता, प्रचालन की कालावधि और अन्य ब्यौरे या सूचना भी सम्मिलित है, के विनिर्माण के कारबार के स्थान में स्थापित मशीनरी के ब्यौरे ऐसे समय के भीतर और ऐसे प्ररूप में और ऐसी रीति से प्रस्तुत करेंगे;

(घ) खण्ड (ii) में निर्दिष्ट प्रणाली के संबंध में ऐसी रकम का संदाय करेंगे, जो विहित की जाए।

50. कठिनाइयों के निराकरण की शक्ति.- (1) जहां इस अधिनियम के उपबन्धों को प्रभावी करने में कोई भी कठिनाई उद्भूत हो वहां, राज्य सरकार अधिसूचना द्वारा, ऐसे आदेश कर सकेगी जो इस अधिनियम से असंगत नहीं हों और जो कठिनाई का निराकरण करने के लिए आवश्यक या समीचीन प्रतीत हों।

